● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 08, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 05 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





लोकसभा में राहुल के भाषण से कांग्रेस में उत्साह 5

सूर्य कुमार यादव ने उठाया बड़ा कदम 6

## विकसित भारत का सपना कोई सरकारी सपना नहीं : पीएम

### पीएम मोदी द्वारा लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब



**नई दिल्ली।** बजट सत्र 2025 का आज चौथा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दिया। सदन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, मैं आज जनता जनार्दन का भी बड़े आदर के साथ आभार व्यक्त करना चाहता हूं। देश की जनता ने 14वीं बार जवाब देने का मौका दिया है। सदन में जिन जिन लोगों ने हिस्सा लिया मैं उन सबका आभार व्यक्त करता हूं।

राष्ट्रपति ने देश के सामने भविष्य के 25 साल की बात रखी

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि सदन में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की बातें हुईं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 21वीं सदी का 25 फीसदी हिस्सा बीत चुका है। राष्ट्रपति ने देश के सामने भविष्य के 25 साल की बात रखी। एक प्रकार से आदरणीय राष्ट्रपति जी का ये उद्बोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है, नया विश्वास पैदा करने वाला है और जन-सामान्य को प्रेरित करने वाला है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। हम लोगों ने पांच-पांच दशक तक गरीबी हटाओ के नारे सुने। हमने गरीब को झूठे नारे नहीं दिए, सच्चा विकास दिया। हम जमीन से जुड़कर काम करते हैं, तो बदलाव होते ही हैं। अब तक गरीबों को चार करोड़ घर मिले हैं, जिन लोगों ने वो जिंदगी जी है वो जानते हैं कि पक्की छत मिलने का क्या मतलब होता है। आजादी के 75 साल के बाद देश में 16 करोड़ से ज्यादा घरों में नल का कनेक्शन नहीं था। हमारी सरकार ने 5 साल में 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल-से-जल देने का काम किया है।

पीएम के निशाने पर आए राहुल-केजरीवाल

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि- जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर सुर्खियां बटोरते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। पीएम ने कहा- समस्या की पहचान करके छूट नहीं सकते, समस्या का समाधान भी करना होता है। हमारा प्रयास समस्या के समाधान का रहता है और हम समर्पित भाव से प्रयास करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा - कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। पीएम ने कहा कि कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है। हमारा फोकस तो हर घर नल से जल पहुंचाने पर है। 12 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है।

कबाड़ बेचकर दो हजार 300 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया

पीएम मोदी ने कहा- हमारे स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जाता था, न जाने क्या-क्या कहा जाता था। इस अभियान के तहत कबाड़ बेचकर दो हजार 300 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया है। पीएम मोदी ने कहा- लेकिन पहले अखबारों की हैडिंग होती थी। इतने लाख के घोटाले, 10 साल हो गए ये घोटाले न होने से भी लाखों करोड़ रुपए बचे हैं। जो जनता की सेवा में लगे।

देश में सैलरीड क्लास है उनके पौने 13 लाख रुपये तक कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा

2014 के पहले ऐसे बम गोले फेंके गए, बंदूक की ऐसी गोलियां चलाई गई कि देशवासियों का जीवन छलनी कर दिया गया। हमने धीरे-धीरे उन घावों को भरते-भरते आगे बढ़े। 2 लाख रुपये 2013-14 में उस पर इनकम टैक्स माफी थी और आज 12

## चैतन्य है मां नर्मदा की धारा, इसके दर्शन से होते हैं सभी धन्य : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने छीपानेर, हरदा में वेदगर्भा घाट का किया लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा की धारा चैतन्य है, इसके दर्शन मात्र से ही सभी धन्य होते हैं। माँ नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है। प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है। पारस पत्थर जैसे लोहे को सोना कर देता है, वैसे ही जल के पहुंचते ही सूखे खेत भी सोना ऊगलने लगते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए एक लाख 75 हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है, इससे प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं आरंभ होंगी। इन परियोजनाओं से एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा तट पर वेदगर्भा घाट के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने और गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर सर्वसुविधा युक्त गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम में डारा इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पप्पू राम विश्नोई ने इस अवसर पर वैदिक विद्या पीठम् चिचोट के विकास के लिये 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रख्यात विचारक श्री सुरेश सोनी, प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम् सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत पूर्व विधायक श्री संजय शाह, श्री प्रेम कुमार, स्वामी श्री नित्य चैतन्य दास जी महाराज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गरीबी के चलते गांवों से शहरों में कर रहे हैं पलायन : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि, गरीबी और बेरोजगारी के कारण बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से दिल्ली, मुंबई और बैंगलोर जैसे महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि लोग शहरी क्षेत्रों की ओर इसलिए भी पलायन कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपनी कृषि उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

एक कार्यक्रम में बोलते हुए सड़क एंव परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि, बेरोजगारी और गरीबी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर बहुत अधिक पलायन हो रहा है।

## भूटान नरेश संग सीएम योगी ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई।

## बार-बार चुनाव आयोग की छवि खराब करने की कोशिश : ईसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग का बड़ा बयान सामने आया है। राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि तीन सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से चुनावों में चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की रणनीति पर ध्यान दिया। आगे कहा कि लोगों को लगता है कि जैये ये एक एकल सदस्यीय निकाय है। लेकिन इसने संवैधानिक संयम बरतने का निर्णय लिया गया है। इस तरह के आक्षेपों को बुद्धिमत्तापूर्वक, धैर्यपूर्वक सहन किया है और इससे प्रभावित नहीं हुआ है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि दिल्ली चुनाव में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर 1.5 लाख से अधिक अधिकारी काम कर रहे हैं।



# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार का सिर कुचला, एक की मौत, दूसरा घायल

**गेट नंबर 3 के पास सड़क हादसा, ट्रैक्टर की स्पीड को लेकर तरह-तरह की लगाएं जा रहे कयास, 4 घंटा तक परिजनों ने नही उठाया शव**



**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार का कहर से दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां पर बाइक सवार होकर जा रहे दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने कुचल दिया। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं घायल का इलाज करवाने के लिए, जिला अस्पताल ले जाया गया। हादसे के करीब 4 घंटे बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर बवाल काटा।

गौरतलब है कि शासन चौकी के गेट नंबर 3 के पेट्रोल टंकी के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर के पहिए से श्याम विहारी केवट पिता नानक केवट निवासी बीजापुर पुनर्वास उ.प्र. उम्र 57 साल का सर कुचल गया। जिससे उसके मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी अन्नू केवट उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेन्टर भेजा गया। वही घटना के बाद पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अज्ञात ट्रैक्टर चालक तक पहुंचने के प्रयास में लगी रही। इस बीच घटनास्थल पर मौजूद लोगों में तरह-तरह चर्चाएं थी। कुछ लोगों का कहना था कि ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड था। तो वहीं कुछ का कहना था कि गिट्टी लोड थी। संभवत इसी वजह से ट्रैक्टर चालक काफी तेज स्पीड से जा रहा था और यह हादसा हो गया। हालांकि सही क्या है? यह तो पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### शव उठाने में पुलिस के छूटे पसीने

सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोश परिजन सड़क पर उतर आए और मुख्य सड़क को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। हालांकि लोगों के आक्रोश को देखते हुए सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते के नेतृत्व में पुलिस टीम आक्रोशित लोगों को समझाने के प्रयास में पसीने छोड़ दिए। इस दौरान कई थानों के थाना प्रभारी सहित चौकी प्रभारी मौके पर मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान परिजन न्याय की गुहार लगाते हुए अज्ञात ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने की मांग पर अडे रहें।

### तेज रफ्तार टैक्टर ने युवक की ली जान

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दिया। चालक ने ट्रैक्टर को श्याम विहारी केवट के सिर पर चढ़ा दिया। इससे विहारी का सिर छत विक्षत हो गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ट्रैक्टर में अवैध खनिज संपदा लोड थी। इसीलिए वाहन तेज स्पीड से जा रहा था और यह घटना होगा। हालांकि ट्रैक्टर खाली था या फिर कुछ लोड था। यह पुलिस जांच से ही स्पष्ट हो पाएगा।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मी आज रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

**सिंगरौली।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मी कल 5 फरवरी को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सिंगरौली के जिलाध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई संविदा नीति 2023 अनुसार की सभी कंडिकाओं को आज दिनांक 5 फरवरी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा एनएचएम संविदा कर्मचारियों के लिए लागू नही किया गया है। जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनअंतर्गत 32000 संविदा कर्मचारियों के द्वारा सांकेतिक विरोध स्वरूप कल 5 फरवरी को एक दिवसीय अवकाश लेने का निर्णय लिया गया है।

## बिना दस्तावेज के चलने वाले चार वाहन जप्त

**सिंगरौली।** बगैर दस्तावेज के चलने वाले जेसीबी मशीन समेत चार वाहनो को कनवेयर बेल्ट नौगढ़ के पास परिवहन विभाग की टीम ने जप्त कर कार्रवाई की है।

# बैढ़न इलाके में आधी रात से शुरू होता है रेत का खेल

**रेत के अवैध कारोबारियों पर पुलिस नही कस पा रही शिकंजा, अवैध कारोबार पर लगाम कसने का पुलिस अधिकारियों का दावा फेल**

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र के शहरी इलाके से निकलने वाली रिहंद नदी से प्रतिबंध के बाद भी बलियरी से रेत का अवैध कारोबार जारी है। रेत के काले कारोबार में आम से लेकर खास तक शामिल हैं। मामला मीडिया में उजागर होने के बाद बलियरी इलाके से दिन में रेत का परिवहन बंद जरूर हो गया है। लेकिन रात 10 बजे के बाद अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। रेत माफिया बेधड़क तरीके से पूरी रात शहर की सड़कों पर खुलेआम रेत का परिवहन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बलियरी इलाके के रिहंद नदी से रेत का खनन और परिवहन कोई नया नही है। लंबे समय से यह कारोबार चलता है और पुलिस का भी कमाई का एक बड़ा जरिया है। रात होते ही रेत से लोड ट्रैक्टर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए निकलते हैं। इतना ही नही अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर कोतवाली थाने के सामने से निकलते हैं। लेकिन किसी पुलिस कर्मी की मजाल नही कि वह इन ट्रैक्टरों को रोक सके। सूत्र बताते हैं कि शाम ढलते ही रेत की चोरी करने के लिए रेत माफिया सक्रिय हो जाता है। ट्रैक्टर के माध्यम से रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक बेखौफ तरीके से रेत का परिवहन होता है। हैरानी इस बात की है कि पुलिस के अधिकारियों की आंखो के सामने रेत माफिया पूरी रात रेत की चोरी करता है और आज तक किसी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर पाई। लगातार नदी के किनारे से रेत लोड ट्रैक्टर ट्राली की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। लेकिन कोतवाली पुलिस को यह ट्रैक्टर नजर नही आते। वही कोतवाली क्षेत्र में सक्रिय रेत माफिया ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का परिवहन रात के समय करता है। सूत्र बताते हैं कि रात के समय शहर की उन गली मोहल्लों से रेत लोड ट्रैक्टर फर्राटे मारते हुए निकलते हैं। इन ट्रैक्टरो के चालको से क्या रिस्ता है।

### कम दूरी और रॉयल्टी बिना मिलती है रेत

रिहंद नदी से रेत का खनन पूर्णत: प्रतिबंधित है। कई दशकों से यहां से रेत का खनन किया जा रहा है। रेत माफियाओं के लिए सबसे पसंदीदा जगह में सुमार है। इसके पीछे मुख्यत: दो वजह है। पहला शहर से महज 5 किलोमीटर की दूरी और दूसरा बिना रॉयल्टी दिए रेत मिलती है। खर्चा है तो सिर्फ पुलिस विभाग की सेटिंग की। तो वहीं दूसरी तरफ शहर से करीब 15 से 20 किलोमीटर दूसरी अवैध खदानें संचालित है। दूरी के साथ-साथ रॉयल्टी के चलते रेत महंगी हो जाती है। जबकि रिहंद नदी से रेत निकालना बाप दादाओं की प्रॉपर्टी जैसी है। इसमें बिल्कुल भी पैसे नही लगते। यही वजह है कि नदी से रेत की निकासी बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूत्रों की मानें तो रेत के काले कारोबार में आम से लेकर खास तक जुड़े हुए है और सभी का हिस्सा फिक्स है।

# विश्व कैंसर दिवस पर विंध्याचल ने आयोजित किया जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर



**विंध्यनगर।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी कर्मचारी कल्याण नीति के तहत एक व्यापक मौखिक और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन विंध्या अस्पताल में आह्वान कार्यक्रम के तहत किया गया। जिसमें कॉन्ट्रैक्ट श्रमिकों और लेडीज क्लब की सदस्यों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. प्रतिभा महेन्द्र द्वारा महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूकता सत्र से की गई। जबकि डॉ. मंजू रावत दंत चिकित्सक ने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले मौखिक कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी महिला श्रमिकों की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग डॉ. प्रतिभा महेन्द्र और डॉ. हेमा उराव ने की। जबकि सभी श्रमिकों का मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग डॉ. मंजू रावत ने किया। एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. बीसी चतुर्वेदी ने तम्बाकू मुक्त कार्यस्थल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नो तम्बाकू पॉलिसी का पालन किया जा रहा है और तम्बाकू के सेवन और कैंसर के बीच के संबंध को स्पष्ट किया। उन्होंने सभी से तम्बाकू से बचने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। साथ ही सुहासिनी संघ की मुस्कान अरोड़ा ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लाभार्थियों को स्क्रीनिंग में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कुल 72 श्रमिकों ने इस स्वास्थ्य अभियान का लाभ उठाया।

# धूल और प्रदूषण बन रहा है जानलेवा, सरई ग्राम रेलवे स्टेशन को औद्योगिक कंपनी ने किया कब्जा

**स्टेशन प्रबंधक के पास जवाब नहीं, रेलवे प्लेटफार्म पर साइडिंग के लिए घेरा गया आम रास्ता, दर्जनो ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**सरई।** रेल अधिकारियों ने पैसे के लालच में सरई ग्राम रेलवे स्टेशन में कोयला का साइडिंग बना दिया। वही सैकड़ों स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। इसके बावजूद रेल अधिकारी व रैक से कोयला ले जाने वाली प्राइवेट कंपनी ने एक भी बात नही सुनी है।

यहां सरई ग्राम स्टेशन लिखे हुए बोर्ड तक को उखाड़ कर फेंक दिया गया। यही कारण है कि लोग अब कहने लगे हैं कि प्राइवेट कंपनी के लिए जनता की सुविधाओं को दरकिनार कर लोगों की जान सांसत में डाला जा रहा है। इसे एक औद्योगिक कंपनी के लिए प्राइवेट रेलवे साइडिंग बना





दिया गया है। यहां से कैमोर व अन्य कई जगहों पर कोयला भेजा जा रहा है। रेलवे रैक से रेल को ज्यादा पैसा मिल जाता है। इस कारण यहां से सफर करने वाले यात्रियों की सुविधाओं में कटौती करके साइडिंग बना दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सरई ग्राम स्टेशन में शौचालय नहीं हैं। यहां तक की स्टेशन आने वाले यात्रियों को शौचालय न होने से इधर-उधर खुले जगह की तलाश करना पड़ता है। शौचालय की आज तक नही की गई व्यवस्था। इधर आज स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन देते हुए बताया है कि कोल वाहन निजी पट्टे की भूमि एवं शाउमावि सरई के सामने की सड़क से कोयला परिवहन जा रहा है। इसे बन्द कराया जाए।

### धूल और प्रदूषण बन रहा है जानलेवा

स्टेशन परिसर में रेलवे रैक पर कोयला लोड होने तथा दिन भर साइडिंग में हाईवा से कोयला गिराए जाने से कोयला का डस्ट उड़ता रहता है। जो प्रदूषण का रूप ले रहा है। स्थानीय लोगों के अलावा ट्रेन पर सवारी करने के लिए आए यात्रियों ने कहा कि यहां रेलवे अधिकारी और सरकार ने जनता को प्रदूषण से मारने का मन बना लिया है। यहां से प्रतिदिन 300 से ज्यादा यात्री यात्रा करते हैं।

### साइडिंग बनने से हुआ यह असर

यहां रेलवे स्टेशन के दक्षिण छोर पर कोल साइडिंग बना दिया गया है। इस क्रम में कोनी, हट्टा भीखाझरिया, समृद व अन्य कई गांव जो रेलवे स्टेशन से लगे हुऐ हैं। व कॉलोनी से आने वाले रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है। रास्ता रोक दिए, जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों को दूर में ही अपनी गाड़ी खड़ी कर रेलवे पटरी पर पैदल चलते हुए स्टेशन तक आना-जाना पड़ता है।

## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम की कार्रवाई, रिलायंस चौराहा का हटा अतिक्रमण

**एसडीएम के निर्देश पर ननि आयुक्त ने हटवाया अतिक्रमण, दी हिदायत**

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के अतिक्रमण अमले के द्वारा अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्यवाही कर रिलायंस चौराहे के समीप किये अतिक्रमण को हटाया गया।

ज्ञात हो कि उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के द्वारा ननि आयुक्त की ओर इस आशय का पत्र भेजा गया था कि रिलायंस चौराहे के समीप खाली जगह पर अतिक्रमण कर दुकाने लगाई जा रही है। जिस कारण रहवासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उक्त के तारतम्य में निगमायुक्त डीके शर्मा के निर्देशन पर निगम के अतिक्रमण प्रभारी प्रवीण गोस्वामी के अगुवाई में निगम के अतिक्रमण अमले के द्वारा रिलायंस चौराहे के समीप खाली जगह पर बनी अवैध बस्तियों को हटाने की कार्यवाही करने के साथ ही अतिक्रमणकारियों को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। साथ ही हिदायत दिया गया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान जप्ती की कार्यवाही किया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले फुटकर व्यापारियों ने अपनी भड़ास निकालते हुये कहा कि नगर निगम के द्वारा छोटे व्यापारियों पर कार्यवाही की जाती है। जबकि शहर में बड़े -बड़े व्यापारी सड़क पर ही बाजार लगा रहे है। उनकी ओर नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान नही जाता है। सिर्फ गरीबो को हटाकर वाहवाही लुटते है। इधर बता दे कि शहर में जगह-जगह अतिक्रमण है। इस पर भी नगर निगम अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान सहायक यंत्री डीके सिंह, आलोक टीरू, उपयंत्री विशाल खत्री, इन्द्रवेश यादव, जीतेन्द्र, विष्णुपाल, अमिताभ यादव, स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोडे, विशाल सोनी, कैलाश शाह, सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी, धर्मेन्द्र, रोहित चौरसिया सहित पुलिस बल के सिपाही मौजूद रहे।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# विन्ध्यनगर पुलिस ने इन्दाचौक विन्ध्यनगर में सेफ क्लिक सायबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये गये इंटरनेट सायबर सुरक्षा के लिए विशेष अभियान के तहत आज मंगलवार को थाना विन्ध्यनगर पुलिस द्वारा इन्द्राचौक में सायबर जागरुकता संबंधी बैनर, पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के लगभग 40 महिल-पुरुष, युवा, वृद्ध मौजूद थे। वही उपस्थित लोगों को उनि शीतला यादव द्वारा जन संवाद कर सायबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी सेयरिंग, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड सहित अन्य से बचने व सतर्क रहने के लिए समझाईस दी गई एवं जागरुकता संबंधी पम्पलेट वितरित किये गये एवं सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 में काल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सअप अन्य में सायबर जागरुकता संबंधी शार्टफिल्म, पोस्टर व पम्पलेट प्रसारित किये गये।

उपरोक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर उनि शीतला यादव, सउनि संतोष साकेत, प्रआरहेमराज पटेल के अलावा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित अन्य मौजूद रहे।

# एनसीएल सीएमडी के साथ विस्थापन मुद्दे पर एसवीएम की हुई बैठक

**सिंगरौली।** एनसीएल सीएमडी बी साईराम के साथ एसवीएम के संरक्षक पूर्व विधायक रामलल्लु बैस के साथ विस्थापन मंच के प्रतिनिधिमंडल ने महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पूर्व नगर निगम आयुक्त के साथ हुई चर्चा के क्रम में सीएमडी से आग्रह किया गया कि मोरवा क्षेत्र के व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बैढ़न शहर के आसपास उपलब्ध शासकीय भूमि का अधिग्रहण एनसीएल द्वारा कर नगर निगम को मोरवा विस्थापितों के लिए व्यावसायिक एवं आवासीय उपयोग के लिए विकसित एवं आवंटित करने के लिए दिया जा सकता है। यह भूमि दो अलग-अलग जगह भी हो सकती है। जिससे सभी को



लाभान्वित किया जा सके। इस संदर्भ में एनसीएल सीएमडी ने आश्वासन दिया की जिला कलेक्टर से मिलकर प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अगर ऐसी भूमि उपलब्ध करा दी जाती है तो व्यापारियों के व्यावसायिक हितों की रक्षा हो सकेगी। पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के संबंध में भी व्यापक चर्चा प्रतिनिधि मंडल द्वारा की गई। जिसमें भूमि स्वामी एवं भूमिहीनों दोनों के बच्चों की शिक्षा, व्यापार, आजीविका के लिए, स्कूल की आवश्यकता, स्कूल प्रबंधकों, शिक्षकों को आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर यह कहा गया की कितने लोग प्लॉट लेते हैं और उनके लिए हम पुनर्व्यवस्थापन की दिशा में क्या-क्या कर सकते हैं। यह प्लॉट लेने वालों की संख्या पर ही निर्धारित होगा। शासकीय भूमि पर कई वर्षो से मकान बनाकर रह रहे लोगों के लिए 20 बाई 30 के प्लॉट के साथ मकान बनाने के लिए न्यूनतम 5 लाख रूपये दिए जाने अथवा मकान बनाकर दिए जाने की मांग भी प्रतिनिधि मंडल द्वारा की गई। जिस पर पुनर्विचार कर निर्णय लिया जाएगा। परिसंपत्ति पर 12 प्रतिशत ब्याज दिए जाने के संबंध में भी पुनः चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत एनसीएल सीएमडी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर एसवीएम के प्रतिनिधि मंडल में ललित श्रीवास्तव, मनोज कुलश्रेष्ठ, अभय तिवारी, प्रदीप कुमार गुप्ता एवं डीके सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

# जले ट्रांसफार्मर की मरम्मत न होने से उपभोक्ता अंधेरे में रहने को मजबूर

## जनसुनवाई में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

सीधी

जिले के विद्युत वितरण केंद्र बहरी के अंतर्गत जनपद पंचायत सिहावल क्षेत्र 19 चंदवाही के गांवों में विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। इस संबंध में उपभोक्ताओं द्वारा डीसी बहरी में कंप्लेंट भी किया गया लेकिन महीनों गुजर जाने के बाद भी विभाग ने जले ट्रांसफार्मर की न तो मरम्मत कराई न ही नवीन ट्रांसफार्मर लगवाए हैं ,ऐसी हालत को देखते हुए जनपद पंचायत सिहावल क्षेत्र 19 चंदवाही के जनपद सदस्य ने कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देकर जले ट्रांसफार्मर की मरम्मत या उसके जगह नवीन ट्रांसफार्मर लगाए जाने सहित अवैध बिजली का बिल और जहां पर



विद्युतीकरण नहीं हुआ है, वहां सर्वे करा कर नवीन विद्युतीकरण किए जाने की मांग की है। इस संबंध में संपूर्ण सिंह जनपद सदस्य सिहावल ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र पड़रिया के गांव पड़रिया क्रमांक 2 में 2 हफ्ते पहले से ट्रांसफार्मर जला हुआ है लेकिन उसे बदला नहीं गया वहीं ग्राम पंचायत क्षेत्र पैगमा आवाद के उत्तरी टोला में पिछले तीन-चार महीने से ट्रांसफार्मर जला हुआ है लेकिन विभाग द्वारा इसे बदलने व सुधारने की कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है जिससे वहां के रहवासी उपभोक्ता काफी परेशान हैं ।कारण यह है कि ट्रांसफार्मर जल जाने से विद्युत मोटर पंप से कृषि की सिंचाई नहीं हो पा रही है जबकि कक्षा नवमी व 11वीं की परीक्षाएं भी संचालित हो गई हैं ऐसे में छात्रों को रात्रि कालीन अध्ययन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने एक अन्य मांग करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत चंदवाही पैगमा आवाद, पड़रिया गजरही उन्मुक्त के अंतर्गत छूटे हुए गांवों की आबादी का सर्वे कराकर उसमें नवीन विद्युतीकरण कराया जाए।

### हर जगह बिजली समस्या की है शिकायते

बिजली विभाग द्वारा भारी-भरकम बिल तो देते है लेकिन बिजली की समस्या का निदान करना उचित नही समझते है। यह शिकायते जिले के हर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में सुनने को मिल रही है। स्थिति यह है कि बिजली बिल को लेकर विभाग द्वारा दबाव बनाया जाता है लेकिन जब समस्या को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई जाती है तब कोई सुनने को तैयार नही रहता ।इस वजह से उपभोक्ता विभागकी कार्यप्रणाली से काफी असंतुष्ट है इस मामले में सत्ता एवं विपक्ष के नेताओं द्वारा भी किसी प्रकार की पहल नही की जा रही है।

## कचरों से पटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर

**सीधी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में कचरों का अंबार लगा हुआ है। जहां कि जिम्मेदार अधिकारी पहल नहीं कर रहे हैं। हालात यह है कि यहां लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ती है। चिकित्सीय व्यवस्था तो पहले भी खराब है लेकिन सफाई न होने से लोगों को और ज्यादा परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी पहल नहीं कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में जिस तरह गंदगी का आलम बना हुआ है उससे आम जन काफी परेशान हैं। मरीज आते हैं उन्हें उचित उपचार तो नहीं मिलता लेकिन गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। आखिर व्यवस्था के नाम पर इस तरह की मनमानी क्यों हो रही है इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस वजह से हालात यह हैं कि यहां गंदगी का आलम बना हुआ है। बीएमओ से लेकर सिंगरौली सीएमओ तक इसकी शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई पहल नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराते हुए कचरा हटाने सहित समुचित व्यवस्था कराने की मांग की गई है।

## ओबीसी महासभा द्वारा चुरहट थाना का किया गया घेराव

**सीधी।** गणपत प्रसाद पटेल सेवा निमित्त कर्मचारी का धूमधाम से विदाई समारोह के दौरान धन विस्तारक यंत्र को लेकर पुष्पेन्द्र मिश्रा थाना प्रभारी चुरहट एवं महेंद्र सिंह परिहार एवं कारण तिवारी आरक्षक थाना चुरहट तीनों व्यक्तियों शासकीय सेवा निवृत्त गणपति प्रसाद पटेल एवं उनके साथ परिजनों को मां-बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए और रंजिशन आरक्षण करण तिवारी द्वारा आर्यन पटेल प्रकाश पटेल और कार्तिक पटेल के खिलाफ झूठे दर्ज एफआईआर कराई गई,थाना प्रभारी बिना जांच किया उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त बना कर उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया जिससे व्यथित आम जनमानस की उपस्थिति में ओबीसी महासभा द्वारा पूर्व सूचना के अनुसार थाना चुरहट का शांतिपूर्ण तरीके से घेराव किया गया परिणाम स्वरूप वरिष्ठ पुलिस प्रशासन द्वारा पुष्पेंद्र मिश्रा को लाइन अटैच एवं 1 वर्ष की वेतन



वृद्धि पर रोक लगाई गई, वरिष्ठ पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही से आम जनमानस संतुष्ट नहीं है ।सही तरीके से जांच कर कार्यवाही न होने पर आगामी कार्यक्रम किया जा सकता है।

ओबीसी महासभा की अगुवानी में पुष्पेंद्र मिश्रा एवं दो आरक्षकों के खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर गणपति प्रसाद पटेल द्वारा परिजनों और हजारों लोगों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया थाना चुरहट जिला सीधी मप्र का घेराव एवं ज्ञापन में प्रमुख रूप से ओबीसी महासभा के प्रदेश संगठन से पप्पू कनौजिया दिनेश सिंह हिमांशु पटेल दिनेश सिंह डायमंड शिव शंकर पटेल अरविन्द पटेल उमेश पटेल संभागीय संगठन से अभिषेक सिंह धर्मेंद्र सिंह अखिलेश सिंह जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा सतना राकेश सिंह रीवा आशुतोष सिंह सतना जिला संगठन से एड. राजेन्द्र जायसवाल जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा सीधी एड.पूनम सिंह हाई कोर्ट जबलपुर एडवोकेट राघवेंद्र सिंह शिवमंगल सिंह विजय सिंह राहुल जिला पंचायत सदस्य, पिंकी पटेल पार्षद,रामलाल पटेल रोशन पटेल आदि हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## जहर खाने से किशोरी आहत

**सीधी।** जमोड़ी थाना के अंतर्गत ग्राम जमोड़ी निवासी एक किशोरी ने जहर का सेवन कर लिया जिससे वह अस्वस्थ हो गई जिसकी जानकारी परिजनों को मिलने पर उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुमन कोल पिता वीरन उम्र 18 निवासी जमोड़ी थाना जमोड़ी किंचित कारणों से अपने घर में सुबह 10 बजे के करीब धान में छिड़काव वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा जिसकी जानकारी परिजनों को मिलते ही उपचार के लिए आनन फानन में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद उसकी हालात सामान्य बताई जा रही है।

## एकता शुक्ला ने संभाला कुसमी तहसीलदार का पदभार

**भुईमाड़।** सीधी जिले के कुसमी तहसील मुख्यालय में लंबे समय से नायब तहसीलदार को तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया था। प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर सीधी द्वारा हाल ही में एकता शुक्ला को कुसमी तहसीलदार के रूप में नियुक्त किया गया। मंगलवार को उन्होंने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन प्रारंभ किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात एकता शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनसुविधाओं को प्राथमिकता देना और आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों, गरीबों और जरूरतमंदों



के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों और किसानों को उम्मीद है कि नए तहसीलदार की नियुक्ति से क्षेत्र में भूमि संबंधित मामलों, राजस्व प्रशासन एवं अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। ग्रामीणों का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें अपनी लंबित समस्याओं से राहत मिलने की संभावना बढ़ी है। जिला प्रशासन की इस नई नियुक्ति से कुसमी तहसील में प्रशासनिक कार्यों में मजबूती आएगी और विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

## अवैध रेत परिवहन करते दो वाहनों को चुरहट पुलिस नें किया जप्त

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के कुसल मार्गदर्शन व थाना प्रभारी चुरहट के नेतृत्व मे चुरहट पुलिस नें रेत का परिवहन करने वाले 02 चालकों पर पृथक पृथक मामले पंजीबद्ध कर 02 ट्रेक्टर जप्त कर विवेचना मे लिया गया है।

03 फरवरी को थाना प्रभारी चुरहट को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरिगवा मोड तरफ एक नीले रंग का पावरट्रेक ट्रेक्टर के द्वारा रेत चोरी कर अवैध रूप से लेकर जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी चुरहट द्वारा एक टीम को सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु रवाना किया जो पुलिस टीम ग्राम बरिगवा मोड पुलिया के पास मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर पहुंचे तो एक नीले रंग का पावरट्रेक ट्रेक्टर क्र. एमपी 53 एए 4485 का मिला जिसका ड्रायवर मौके से रेत खाली कर दिया ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम रमेश यादव पिता



विश्वनाथ यादव उम्र 38 साल निवासी भेलकी बरिगवा थाना जमोडी सीधी का होना बताया तथा ट्रेक्टर के रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जो रेत परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज होना नहीं बताया। जो आरोपी का कृत्य धारा 303 (2), 317 (5) बी. एन. एश. 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम का दण्डनीय होने से ट्रेक्टर के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया जाकर थाना लाया गया एवं मामला पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है।

एक अन्य मामले में 03 फरवरी को थाना प्रभारी चुरहट को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरिगवा मोड मेन रोड के पास एक नीले रंग का सोनालिका ट्रेक्टर के द्वारा रेत चोरी कर अवैध रूप से परिहन किया जा रहा है, जो उक्त सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी चुरहट ने एक टीम को रवाना किया। पुलिस टीम ग्राम बरिगवा मोड मेन रोड के पास मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर पहुंचे तो एक नीले रंग का सोनालिका ट्रेक्टर क्र. एमपी 53 एए 3438 का मिला जिसका ड्रायवर मौके से रेत खाली कर दिया ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम राजेश प्रसाद व्दिवेदी पिता रामदत्त व्दिवेदी उम्र 46 साल निवासी भेलकी खुर्द थाना जमोडी सीधी का होना बताया तथा ट्रेक्टर के रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जो रेत परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज होना नहीं बताया । जिसपर आरोपी का कृत्य धारा 303 (2), 317 (5) बी. एन. एश. 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम का दण्डनीय होने से ट्रेक्टर के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया जाकर आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

## पिकअप की ठोकर से बालिका गंभीर

**सीधी।** थाना कोतवाली के अंतर्गत ग्राम हड़बड़ो में राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर सड़क के किनारे खेल रही बालिका को पिकअप का तेज ठोकर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया ।

जानकारी के अनुसार श्रेया सिंह पिता सुजीत सिंह उम्र 5 निवासी ग्राम डिहिया रीवा हाल पता हड़बड़ो कोतवाली सीधी। ग्राम हड़बड़ा ओ स्थित ननिहाल घर के सामने सड़क के किनारे खेल रही थी जहां मंगलवार को सुबह 9:00 के करीब अचानक तेज गति से वाहन चलाते हुए पिकअप क्रमांक एमपी 17 डीई 5265 के चालक ने बालिका को पिकअप से तेज ठोकर मार दिया ठोकर इतना तेज लगा की बालिका सड़क पर दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए निजी वाहन से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उपचार के पश्चात उसे रीवा रेफर कर दिया।

## कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**सीधी।** फरवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सीधी में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया।

## जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी

### लिखित परीक्षा 08 मार्च को

**सीधी।** जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकास खंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन दिनांक 14.01.2025 से भरे जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 है। लिखित परीक्षा 08.03.2025 को आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा पत्र जारी कर समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी प्राचार्यो एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकास खण्ड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया से अवगत करायें। साथ ही इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन करने में सहयोग भी प्रदान करें।

## जनसुनवाई में एसडीएम गोपद बनास ने सुनी 90 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 90 आवेदकों की



समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने की मां सरस्वती की आराधना

**सीधी।** जिले के साउथ जोगीपुर स्थित ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को 'बसंत पंचमी' पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पट्टी पूजन भी करवाया गया बच्चों से मंत्र का उच्चारण करवाते हुए पट्टी पर उं भू भुरव स्व: लिखवाया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने पीले रंग के वस्त्र पहने हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार एवं प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा झा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने बसंत पंचमी पर आधारित विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम ,सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार ने कहा कि आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए इससे हमारी बुद्धि निर्मल होती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

## लिपिक ने मंत्रालय के समान ग्रेड पे एवं समयमान वेतनमान की मांग की

**सीधी।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा सिद्धि के अध्यक्ष चित्रसेन गौतम के द्वारा बताया गया कि दिनांक 1 अप्रैल 2006 से विभाग अध्यक्ष एवं उसके अधीनस्थ कार्यरत लिखो को मंत्रालय के समान समय मान वेतनमान का लाभ दिया जाए सहायक ग्रेट 3 का ग्रेड पे 1900 संशोधित करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर के समान समान योग्यता समान कार्य को ध्यान में रखते हुए ग्रेड पे 2400 दिया जाए अनुकंपा नियुक्ति सहायक ग्रेड 3 को निर्धारित समय अवधि में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने के कारण किसी भी कर्मचारी को सेवा से पृथक ना किया जाए अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी की शर्त को विलोपित किया जाए 51 सूत्रीय मार्ग पत्र में शामिल कराया गया है उक्त माग पत्र का समर्थन संगठन के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल सचिन श्रीमती सुरभि त्रिवेदी उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता खरे श्रीमती उर्मिला सिंह श्रीमती पार्वती सिंह श्रीमती अरुणा शुक्ला श्रीमती दीप्ति पटेल श्रीमती सुरेखा वर्मा श्रीमती सावित्री देवी श्रीमती सोनाली वर्मा श्रीमती आकांक्षा सेन श्रीमती आशा गुप्ता श्रीमती भक्ति सिंह श्रीमती शैलेश गौतम श्रीमती अली अम्मा दी श्रीमती समा सिंह कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा अरुण प्रताप सिंह अजय श्रीवास्तव सचिन अजय सिंह मंटू राम कुमार पनिका बलिराम प्रजापति बुद्धिमान कॉल रामबली पानी का नरेश कुमार वर्मा महेश मिश्रा श्रवण रावत प्रदुम न कॉल संतोष साकेत देवेंद्र शर्मा श्रवण तिवारी के बी सिंह कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा मुन्नालाल वर्मा राजकुमार शर्मा जिला अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस विनय मिश्रा राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंगला प्रसाद द्विवेदी अखिलेश्वर पांडे भैया लाल गुप्ता रवि शंकर पांडे संतोष पांडे भुवनेश्वर त्रिपाठी उमेश मिश्रा लाल बहादुर सिंह गोपथ बनारस तहसील के अध्यक्ष बृजेश पांडे गोपद बनास ब्लॉक अध्यक्ष गोपद बनास आशुतोष शुक्ला चंद्रशेखर शुक्ला महिला प्रकोष्ठ के सचिव श्रीमती भक्ति सिंह ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर राजेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मझौली विष्णु उधर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष सिहावल अखिलेश गौतम सचिव पवन सिंह राजेश सिंह नवीन निगम तहसील अध्यक्ष कुसमी महिपति प्रजापति तहसील अध्यक्ष रामपुर भूपेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष सिहावल राजेश पटेल प्रसन्न तिवारी कमल मिश्रा श्रीमती सुरेखा वर्मा आज के द्वारा किया गया एवं जिले में पदस्थ विभिन्न विभागों के लिपि को से अधिक से अधिक तादाद में दिनांक 7 फरवरी 2025 को लंच अवधि में अपना अपना कार्यालय छोड़कर कलेक्ट्रेट प्रांगण में एकत्रित होकर हनुमान जी के आशीर्वाद लेकर श्रीमान कलेक्टर महोदय सीधी के माध्यम से नारेबाजी करते हुए 51 सूत्री मांगों का माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय को ज्ञापन देने में अपनी शक्ति प्रदर्शन करने का अनुरोध किया गया है।

## बसंत पंचमी पर प्रलेस द्वारा महाप्राण निराला जयंती मनाई गई

**सीधी।** बसंत पंचमी के अवसर पर प्रगतिशील लेखक संघ जिला इकाई सीधी द्वारा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जयंती पर सुधर्मा भवन शिवाजी नगर नौढिया में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. अनिल सिंह सत्यप्रिय ने की। मुख्य अतिथि प्रलेस इकाई सीधी के अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह रहे।अपने उद्बोधन में प्रोफेसर अनिल सिंह ने कहा कि- सामाजिक समरसता, मनुष्यता एवं भाईचारे के पक्ष में जो संघर्ष करता है वह महाप्राण बनता है। शोषणकारी ताकतों के विरुद्ध जो सृजन करता है वह महाप्राण बनता है। लेकिन आजकल संत महंत और साहित्यकार भी सर्वग्रासी राजनीति की जी हुजूरी में लगे हैं ऐसे लोग इनाम अकराम पद और प्रतिष्ठा तो पा सकते हैं किंतु महाप्राण नहीं बन सकते। महाप्राण निराला बनने के लिए अभाव सहना पड़ता है।अंधेरी




शक्तियों के विरुद्ध मशाल जलाना पड़ता है, विष पीकर अमृत बांटना पड़ता है।उन्होंने अपने वक्तव्य में निराला के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ ,जिला इकाई के अध्यक्ष , वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार सोमेश्वर सिंह सोम के द्वारा मनुष्य के मूल स्वभाव और चरित्र में प्रगतिशीलता होने के साथ साथ समाज की जड़ता और सत्ता की निरंकुशता का सामना करने के लिए निराला की सभी रचना को महत्वपूर्ण बताया गया और इन्होंने ने बताया की निराला का साहित्य दया , करुणा और जिजीविषा से तो भरपूर है ही सबसे महत्वपूर्ण यह है की उनका साहित्य पाठक में अंधेरे और पूंजीपतियों के विरुद्ध आक्रोश पैदा करता है और बताया की अच्छे लेखन और पाठन के लिए अध्ययनशील होना अति आवश्यक हैं ।

आयोजन के विशिष्ट अतिथि अशोक तिवारी अकेला ने अपने व्याख्यान में निराला के संपूर्ण व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि निराला निश्छल कवि थे और जीवन में कई तरह के अभाव के बावजूद भी कभी नहीं झुके । विशिष्ट अतिथि डॉ. कमलापति गौतम कमल ने निराला जी को मानवता और मनुष्यता का प्रतीक कहा और अपनी रचना विंध्य वाटिका के हम माली का पाठ किया । के. एम. मिश्र कौस्तुभ ने कहा कि निराला जी ने कभी भी सिद्धांत से समझौता नहीं किया और अपनी रचना राधिका बसी हुई महंत साधु संत में का पाठ किया । डॉ. हरिविलाश गुप्ता ने अपने वक्तव्य में निराला के लेखन को यथार्थवादी लेखन बताया और अपनी रचना मां वीणा पाणी तेरी अथक कहानी का पाठ किया । पूर्व प्राचार्य रामराज यादव विकल्प ने निराला के कविता में आशा और उन्हें बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ निराला को मजदूर और शोषित लोगों का कवि माना और अपनी रचना हथेली पर सरसों उगाने का पाठ किया ।

आयोजन का संचालन आदर्श सिंह के द्वारा किया गया और इन्होंने अपने संचालन से उपस्थितिजन को अभिभूत करते हुए बताया की निराला के लेखन को आत्मसात किया जाना चाहिए और उनके जीवन से जुड़ी कई घटनाओं को याद करते हुए निराला की कविता गहन है यह अंधकारा ,स्वार्थ के अवगुंठनों से ,हुआ है लुंठन हमारा का पाठ किया और स्वार्थ के पर्दे से बाहर आने पर जोर दिया ।मयंक सिंह के द्वारा निराला के साहित्य की समग्रता को समेटते हुए आभार प्रगट किया गया । इस सुंदर आयोजन में साहित्यकार , कविजन एवं अन्य सामान्यजन उपस्थित रहें।

## संपादकीय

# फिर से व्यापार युद्ध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25त्न और चीन पर 10त्न आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरुआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।बढ़ सकती है उलझन- ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है। भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। लैटिन अमेरिका, चीन, यूरोपियन यूनियन और रूस से निपटना उनके अजेंडे में ऊपर है। बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होगा। ये नियम कहते हैं कि सभी देशों के लिए टैरिफ समान होना चाहिए। लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी। स्वाभाविक ही, इसी हफ्ते रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों पर होने वाली घोषणाओं पर निगाहें टिक गई हैं।

**संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें।**

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

(ललित गर्ग)

वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।



जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है।

यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैज़ा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वज़न के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी। विशेषतः बच्चों के बचपन पर इससे गहरे धुंधलके छाने वाले हैं। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी के बच्चों को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते घातक परिणाम को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार को जागना होगा एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशेषतः अनुकूलित और संवेदनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों का मापन करना जैसे- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये अनुदान प्रदान करना, बच्चों और उनके परिवारों पर जलवायु परिवर्तन द्वारा पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना है।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है।

दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा।

मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अतः देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि धन धान्य योजना को 100 जिलों में प्रारम्भ किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से इन जिलों में ली जा रही फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलहन के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए 6 वर्षीय मिशन चलाया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 5 लाख तक बढ़ाया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए एवं स्टार्टअप के लिए ऋण की सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जा रहा है। लेदर उद्योग में रोजगार के 22 लाख नए अवसर निर्मित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को खिलौना उत्पादन का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्म निर्भर बनाया जाएगा। आज भारत खाद्य तेलों का भारी मात्रा में आयात करता है अतः तलहन के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।। भारत में निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजारों की तलाश करते हुए विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते सम्पन्न किए जा रहे हैं। देश में बीमा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की जा रही है।

## वर्ग पहेली 5633

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | 9 | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | 18 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 19 | | 20 | | |
| 21 | 22 | 23 | | ■ | 24 | | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. आजाद हिंद फौज की स्थापना यहां की गई थी (4)
6. दो बार उतनी ही, दुगुना, दोगुना (2)
7. विकास संबंधी काम (5)
10. संदेह, शक, खटका, भय (3)
11. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
12. स्वेच्छा से दिया जाने वाला धन (2)
14. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)
15. आंसू, नेत्र-जल, पानी (2)
16. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
19. कृतज्ञता, धन्यवाद, शुक्रिया (5)
21. एक जैसी सूरत या शक्ल वाले, एकरूप, समाकार (4)
24. आपस में गुंथी हुई चीजों का विस्तृत रूप जो एक जालीदार रचना बनाती है (2)
25. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-आकर उसका भिन्न-भिन अर्थ देता है (3)
26. पृथ्वी, धरती (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. सिंदूर रखने की डिबिया (5)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, कविता (2)
3. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
4. विशिष्ट, विशेष रूप से (2)
5. कार्य करने वाला (4)
8. पिता का भाई (2)
9. वक्त, समय (2)
13. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
17. कुटिल, टेढ़ा, तिरछा (2)
18. शक्तिमत्ता, सामर्थ्य, हिम्मत (3)
20. निर्वाह हेतु दी जाने वाली आर्थिक मदद, गुजर, निर्वाह (3)
21. घोड़ा, अश्व (2)
22. मेरा या मेरी (2)
23. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत् चले, भ्रम (2)

## वर्ग पहेली 5632 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | ड | नी | ■ | ना | मी | बि | या |
| प | ल | ■ | व | त | न | ■ | म |
| ह | ■ | मो | ■ | ■ | ■ | स्पे | ■ |
| सा | हि | र | लु | धि | या | न | वी |
| ला | मा | ■ | क | न | क | ■ | ■ |
| र | क | म | ■ | ■ | ■ | र | त |
| ■ | त | न | ■ | फ | र | ज | ■ |
| ■ | ■ | स्वी | ड | न | ■ | क | र्म |

# सस्टेनेबल फैशन- पुराने कपड़ों को देते नई जान, नई पहचान

(श्वेता ठाकुर नंदा)

ख़राब या पुराने हो गए कपड़ों को, जिन्हें अक्सर या तो फेंक दिया जाता है या जला दिया जाता है, डिजाइनरों द्वारा 'सस्टेनेबल फैशन' में फिर से उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण के नुकसान में कमी हो रही है।पर्यावरण के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता और बेहतर व्यावसायिक कौशल का यह नया मिश्रण धीरे-धीरे इस परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है।

पर्यावरण पर होने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने के अलावा, ख़राब और पुराने हो चले कपड़ों के साथ नवाचार करने से कुछ आर्थिक और सामाजिक लाभ भी होते हैं, जैसे कम उत्पादन लागत, काम का जल्दी पूरा होना और स्थानीय कारीगरों की मदद।

हालाँकि जहां पर्यावरणविदों को चिंता है कि कुछ ब्रांड 'सस्टेनेबल फैशन' की बढ़ती मांग का फायदा उठाकर ऐसे उत्पाद बना रहे हैं पर्यावरण के उतने अनुकूल नहीं हों, जितना वे दावा करते हैं। डिजाइनर गौतम गुप्ता के दक्षिण दिल्ली के आलीशान स्टूडियो की दूसरी मंजिल पर ग्राहकों की भीड़ कपड़ों के ढेर में से सबसे ट्रेंडी कपड़ों की तलाश कर रही है। इसके एक मंजिल ऊपर, एक ठंडे खाली कमरे में, बिना बिके और पुराने हो चुके कपड़ों के रोल 'सम्मानपूर्वक' अलमारियों में रखे हुए हैं। इन बिना बिके और पुराने हो गए कपड़ों को 'डेडस्टॉक' कहा जाता है। कभी दूसरी मंजिल पर इस उल्लास का हिस्सा रहा यह डेडस्टॉक, अब नवीनता और उपभोग में लिप्त दुनिया का गवाह है। डेडस्टॉक एक ऐसे उद्योग, जो पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव डालने के लिए जाना जाता है, के लिए बेहतरी का एक रास्ता हो सकता है। आमतौर पर, गोदामों, स्टॉक रूमों या कपड़ा निर्माताओं और बुनकरों के यहां पड़े रहने के बाद, बेकार हो चुके इन कपड़ों को या तो जला दिया जाता है या लैंडफिल में डाल दिया जाता है, जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

डिज़ाइनर एक्सेसरी और फ़ैशन ब्रांड्स की एक बड़ी संख्या अब इन बेकार कपड़ों का उपयोग करके ज़िम्मेदारी भरे परिधान, या रेस्पोंसिबल क्लोदिंग, बनाने के लिए डिज़ाइन में नवाचार कर रही है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता और बेहतर व्यावसायिक कौशल का यह नया मिश्रण धीरे-धीरे इस बदलाव को आगे बढ़ा रहा है।

'जुहू बीच स्टूडियो' ने छोटे-मोटे नुकसान या रंग उड़ने के कारण फेंके गए कपड़ों को अलग करके व्यवस्थित किया। यह कंपनी ऐसे कपड़ों को फिर से काम में लाकर नए उत्पादों में बदल देती है। तस्वीर - जुहू बीच स्टूडियो।

'जुहू बीच स्टूडियो' ने छोटे-मोटे नुकसान या रंग उड़ने के कारण फेंके गए कपड़ों को अलग करके व्यवस्थित किया। यह कंपनी ऐसे कपड़ों को फिर से काम में लाकर नए उत्पादों में बदल देती है।

फैशन और लाइफस्टाइल उद्योग के कुछ पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए डेडस्टॉक एक प्रभावी उपाय के रूप में उभरा है। कपड़ों को बनाने के लिए डेडस्टॉक का उपयोग करने के लिए नई डिजाइन प्रक्रियाओं को अपनाने से हमारा कार्बन उत्सर्जन कम होता है। इससे नए संसाधनों पर हमारी निर्भरता भी कम होती है, गुप्ता ने बताया। गुप्ता, जो अपने कपड़ों की डिज़ाइन लाइन के लिए नियमित रूप से बुनकरों और कपड़ा गोदामों से डेडस्टॉक खरीदते हैं, कहते हैं कि फेंके गए कपड़ों के ढेर पर्यावरण प्रदूषण में योगदान करते हैं। आम धारणा के विपरीत, यह अहसास बढ़ रहा है कि एक अच्छा पर्यावरण एक अच्छा व्यवसाय भी है, उन्होंने कहा। गैर-लाभकारी थिंक टैंक 'इंडिया वाटर फाउंडेशन' के अध्यक्ष और संस्थापक अरविंद कुमार कहते हैं कि अपशिष्ट प्रबंधन के अलावा, डेडस्टॉक का उपयोग करने से पानी की भी बचत होती है, क्योंकि नए कपड़े, विशेष रूप से कपास का उत्पादन में पानी की जरूरत बहुत होती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन थकान और परेशानी वाला हो सकता है और आपको हर मामले में सावधानी से काम करने की सलाह है। किसी वजह से आप तनाव में रहेंगे। मन में किसी बात को लेकर उलझन रहेगी। शाम को घर-परिवार में किसी बात पर बहस भी हो सकती है। इसलिए सावधान रहें और विवादों से बचें।

### वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा। दिन लाभदायक रहेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। ऑफिस के लोगों पर आंख बंद करके भरोसा न करें। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए काम मिल सकते हैं। भाग्य में वृद्धि होगी। सम्मान बढ़ेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### तुला
आज लाभ होगा और धन में वृद्धि के योग हैं। आप किसी तीर्थयात्रा का प्लान बना सकते हैं। दोस्तों की मदद के लिए पैसे का इंतजाम करना पड़ सकता है। अगर आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहेहैं, तो आपको घर के संसाधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के बड़ों से अनबन हो सकती है। तरक्की के योग हैं और सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज दिन किसी तरह का सुधार करने में बीतेगा। आप किसी प्लान में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पैसों के मामलों में सोच-समझकर फैसला लें। छोटे-मोटे कर्ज चुकाने पड़ सकते हैं। परिवार वालों की जरूरतें पूरी करने का दिन है। आप शॉपिंग करने जा सकते हैं।

### मिथुन
आज दिन लाभदायक रहेगा। आप करियर में कोई बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। अभी आपके लिए समय सही नहीं है। कोई भी कदम उठाने से पहले अपने साथी से सलाह जरूर लें। अगर आप कोई फैसला लेकर आगे बढ़ते हैं, तो कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा रहेगा। आप नए प्रॉजेक्ट पर ध्यान देंगे और आपका मन खुश होगा। इस क्षेत्र में कुछ पुराने दोस्तों से आर्थिक मदद मिल सकती है, जिससे आपको फायदा होगा। किसी की मदद करने से आपको संतुष्टि मिलेगी और आर्थिक लाभ भी हो सकता है। लाभ और तरक्की के योग हैं।

### धनु
आज करियर के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। तनाव कम करने के लिए आप किसी मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं। अगर आप पैसा लगाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको फायदा होगा। आपको पब्लिक ट्रांसपोर्ट का फायदा मिलेगा। सम्मान में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज करियर में लाभ होगा और जिन कामों में आप अपना दिमाग लगाएंगे, उनमें आपको सफलता मिलेगी। सभी कामों में अच्छा रिजल्ट मिलेगा। छोटे भाई-बहन या बच्चों की तरफ से भी खुशखबरी मिल सकती है। कपड़ों आदि का लाभ हो सकता है। किसी खराब पड़ी चीज को फिर से ठीक करने की कोशिश करेंगे।

### सिंह
आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो आपको कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं। दोपहर बाद भागदौड़ बढ़ सकती है। जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है, इसलिए ध्यान से काम करें। तरक्की के योग हैं और सम्मान में वृद्धि होगी। भाग्य में वृद्धि होगी और काम सफल होंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और अगर आप मन से किसी काम को करेंगे तो सफलता मिलेगी। चाहे किसी का एडमिशन हो, यात्रा का इंतजाम करना हो, कोई जरूरी चीज खरीदनी हो या रुका हुआ पैसा निकालना हो, आज आपको दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र का माहौल अच्छा रहेगा। रूखा व्यवहार करने वाला व्यक्ति नजरों से दूर रहेगा और माहौल हल्का-फुल्का और मनोरंजक रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस द्वारा पार्टी देने से और भी रौनक बढ़ेगी। धन में वृद्धि के योग हैं और बिजनस में सफलता मिलेगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

### मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। मुश्किल हालात में मन परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का विश्वास जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। बुजुर्गों का साथ माहौल को ठीक करने में मदद करेगा। धन में वृद्धि के योग हैं और सफलता मिलेगी। सम्मान में वृद्धि के योग हैं और भाग्य साथ देगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में सीबीआई की बड़ी छापेमारी, तेंदुए की खाल, पैंगोलिन के शल्क भी बरामद



**चंडीगढ़, एजेंसी।** सीबीआई ने सोमवार को हरियाणा के पिंजौर में वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी में तेंदुए की दो खाल, ऊदबिलाव की खाल और पैंगोलिन के शल्क बरामद हुए। जांच एजेंसी ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, यह तस्करी का संगठित नेटवर्क हो सकता है। उन्होंने बताया कि वन्यजीवों के अंगों के अवैध व्यापार के बारे में सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर सीबीआई की टीम ने पिंजौर में छापेमारी की, जहां तेंदुए की दो खाल, तेंदुए के नौ दांत, 25 पंजे, जबड़े के टुकड़े, ऊदबिलाव की तीन खाल और पैंगोलिन के शल्क जब्त किए गए। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''तीन आरोपियों पीरदास, वजीरा और राम दयाल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा गिरोह के एक अन्य सदस्य रोहतास को कालका रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में से एक के खिलाफ पहले भी वन्यजीव अपराध के संबंध में नेपाल पुलिस द्वारा आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।'' आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-एक के तहत कार्रवाई की गई। यह कानून लुप्तप्राय प्रजातियों के शिकार पर रोक लगाता है तथा अपराधियों के लिए सख्त सजा का प्रावधान करता है।

### ग्रेटर नोएडा की कई सोसाइटियों में अचानक बीमार होने वाले निवासियों की संख्या बढ़ी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की कई सोसाइटियों में बीमार होने वाले निवासियों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई सोसाइटी के लोगों को पेट दर्द, उल्टी और लूज मोशन की शिकायत आ रही है। इनमें कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। सोसाइटी के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। माना जा रहा है कि दूषित पानी की आपूर्ति की वजह से ऐसा हुआ है। सोमवार को ग्रेनो वेस्ट की अरिहंत आर्डेन, सुपरटेक इको विलेज वन और पंचशील हाईनिश सोसाइटी में भी 100 से अधिक लोग बीमार हुए हैं। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पानी के सैंपल भर जांच के लिए भेजे हैं। पंचशील हाईनिश सोसाइटी में रहने वाले जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले दो दिन से उन्हें लूज मोशन की शिकायत हो रही है। वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। सोसाइटी में कई लोग पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत से परेशान हैं। सोसाइटी के ग्रुप में कई लोग दूषित पानी पीने की शिकायत कर रहे हैं। लोग बाहर से पानी मांगा कर पी रहे हैं। पंचशील सोसाइटी की एओए में सचिव विजय ने बताया कि लोगों के बीमार होने की सूचना ग्रुप के माध्यम से मिली थी। उन्होंने प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाकर पानी के सैंपल भरवाए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सुपरटेक इकोविलेज और पंचशील हाईनिश सोसाइटी में दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की सूचना पर टीम ने मौके पर जाकर सैंपल लिए हैं। सोसाइटी के अंदर स्थित टैंक के साथ ही और बाहर स्थित प्राधिकरण के यूजीआर से भी सैंपल लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पेयजल के दूषित होने के कारण का पता चल पाएगा।

### एकनाथ शिंदे की बढ़ रही नाराजगी? देवेंद्र फडणवीस की बैठक में नहीं गए, कैबिनेट मीटिंग से भी दूरी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपनी ही सरकार से उखड़ते नजर आ रहे हैं। अब उन्होंने बैठकों से भी दूरी बनाना शुरू कर दी है। खबर है कि वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरफ से बुलाई गई सोमवार को एक बैठक में नहीं पहुंचे। कहा जा रहा है कि उनकी नाराजगी की वजह पालकमंत्री पद को लेकर जारी मतभेद नहीं सुलझना है। सोमवार को फडणवीस की अध्यक्षता वाली वॉर रूम मीटिंग में नहीं जाने के अलावा शिंदे ने दो समीक्षा बैठकें भी रद्द कर दी थीं। इनमें एक शहरी विकास विभाग और दूसरा जल आपूर्ति विभाग की थी। इसके अलावा वह बीते सप्ताह हुई कैबिनेट बैठक में भी नहीं पहुंचे थे। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि शिंदे इस बात से खफा है कि सीएम के दावोस से लौटने के 10 दिन बाद भी रायगढ़ और नाशिक जिलों के पालकमंत्री पद को लेकर जारी विवाद नहीं सुलझ सका है। दरअसल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की अदिति तटकरे को रायगढ़ और भारतीय जनता पार्टी के गिरीश महाजन को नाशिक जिले का पालकमंत्री बनाए जाने पर शिवसेना ने आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद इन नियुक्तियों को रोक दिया गया था। शिवसेना ने दोनों ही पदों पर दावा पेश किया है। एक ओर जहां भरत गोगावले रायगढ़ तो दादा भुसे नाशिक के पालकमंत्री बनना चाह रहे हैं। शिंदे भी कह चुके हैं कि पालकमंत्री बनने की चाह रखना गलत नहीं है। पहले माना जा रहा था कि डब्ल्यूईएफ यानी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से फडणवीस की वापसी के बाद मुद्दा सुलझ सकेगा।

# लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण से कांग्रेस में उत्साह, ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण को लेकर खुशी जाहिर की और इसे ऐतिहासिक, दूरदर्शी और राष्ट्रीय नेता के अनुरूप बताया. कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान राहुल का भाषण एक राजनेता जैसा था और इससे प्रधानमंत्री मोदी पर मंगलवार शाम को चर्चा का बराबर जवाब देने का दबाव बनेगा.

कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने ईटीवी भारत से कहा, नेता प्रतिपक्ष के भाषण को आसानी से दूरदर्शी और प्रतिष्ठित कहा जा सकता है. वह एक राजनेता की तरह थे, उन्होंने रचनात्मक राजनीति की और देश के लिए विकासोन्मुखी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना नहीं की, बल्कि केवल यह रेखांकित किया कि सरकार का दृष्टिकोण क्या होना चाहिए था. ईडन के अनुसार, राहुल का भाषण एक राजनेता जैसा था क्योंकि उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन के प्रमुख मुद्दे को छुआ और यहां तक ??स्वीकार किया कि पिछली यूपीए सरकार के दौरान इस समस्या को दूर करने के लिए पर्याप्त काम नहीं किया गया, बजाय इसके कि वे केवल एनडीए सरकार को दोषी ठहराते. केरल के सांसद ने आगे कहा, नेता प्रतिपक्ष ने भारत की चीन समस्या और उससे निपटने के तरीकों पर प्रकाश डाला और भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया. चीन का मुकाबला करने के लिए हमें एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत है.

ईडन ने राहुल के आलोचकों की आलोचना करते हुए कहा कि वे पुरानी राजनीति कर रहे हैं. उन्होंने कहा, राहुल के भाषण ने लोगों के बीच एक स्पष्ट संदेश भेजा है और प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रपति पद की बहस में अपने जवाब को उसी के अनुसार ढालना होगा. सत्ता पक्ष के लोग पुराने ढर्रे के हैं इसलिए हमारे नेता को निशाना बना रहे हैं. लेकिन सिर्फ विपक्ष पर हमला करने से लोगों का भला नहीं होगा. वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष के भाषण को कई बार सुना जाना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष ने भारत के लिए एक नई दृष्टि की रूपरेखा प्रस्तुत की. हमारी सीमाओं और हमारी औद्योगिक आपूर्ति शृंखलाओं पर चीन के प्रभाव को देखते हुए यह दृष्टि महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि सचमुच, भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सबसे आगे रहना होगा, खासकर ड्रोन, बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर और सेंसर के क्षेत्र में. जैसा कि हमारे नेता ने कहा है कि हमें भारतीय युवाओं की क्षमता का दोहन करना होगा और उन्हें नई ऊंचाइयों पर ले जाना होगा. गोगोई ने कहा कि इसके लिए हमें एक खुला और समावेशी समाज बनाना होगा, जहां हाशिए पर पड़ी जातियों और जनजातियों को अवसर और सशक्तिकरण तक पहुंच हो. राहुल के भाषण की उनकी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सराहना की और कहा कि नेताजी एक राष्ट्रीय नेता की तरह बोल रहे हैं और वह राष्ट्र के बारे में बात कर रहे हैं तथा वह उनकी टिप्पणियों से बहुत खुश हैं।

पार्टी नेताओं के अनुसार, बेरोजगारी के अलावा नेता प्रतिपक्ष ने देश के सामने अन्य चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाया, जैसे विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और बढ़ते सामाजिक तनाव को कम करना. सांसद ईडन ने कहा, भाजपा अक्सर राष्ट्रीय प्रतीक सरदार पटेल और डॉ. अंबेडकर का नाम लेती है, फिर भी वह व्यवहार में उनके सिद्धांतों का पालन नहीं करती. भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा 15.3 प्रतिशत से घटकर 12.6 प्रतिशत रह गया है - जो पिछले 60 वर्षों में सबसे कम है. इससे देश में रोजगार सृजन पर असर पड़ा है.

## दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट, एक्यूआई में हुआ सुधार



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार सुबह हल्की बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूरे दिन बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। दिल्ली-एनसीआर में हुई हल्की बारिश से एक्यूआई में सुधार होने से प्रदूषण से राहत मिली है। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि 5 फरवरी तक बारिश कम हो जाएगी। लेकिन, दिल्ली में कोहरे का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। कुछ अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा अभी भी बना हुआ है, वहीं मौसम विभाग ने मंगलवार को आंधी-तूफान की संभावना भी जताई है। शहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसे आईएमडी ने फरवरी के लिए सामान्य से अधिक बताया है, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। बारिश की वजह से दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है, हालांकि प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में अभी भी बना हुआ है। मंगलवार सुबह 7 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, चांदनी चौक में वायु गुणवत्ता सूचकांक 265, आईटीओ पर 232, लोधी रोड पर 132 और श्री अरबिंदो मार्ग पर 228 रहा। आगे बारिश जारी रहती है तो एक्यूआई में और सुधार होने की उम्मीद है। हरियाणा के गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 302 रहा जो बहुत खराब श्रेणी में है, जबकि फरीदाबाद में यह 217 रहा जो खराब श्रेणी में है। पिछले सप्ताह, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक्यूआई के 350 अंक से अधिक हो जाने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 3 के उपायों को लागू किया था।

## मस्जिद या दरगाह की एक इंच भी नहीं छोड़ेंगेः असदुद्दीन ओवैसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में वक्फ कानून संशोधन को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र पर जमकर हमला बोला है। सदन में अपने भाषण के दौरान वक्फ कानून संशोधन का जिक्र करते एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी। ओवैसी ने कहा कि अगर सरकार मौजूदा रूप में वक्फ कानून लेकर आई, तो यह संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन होगा और इससे देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। उन्होंने कहा, इस कानून को पूरी मुस्लिम बिरादरी ने खारिज कर दिया है। अगर यह पास हुआ, तो कोई भी वक्फ प्रॉपर्टी नहीं बचेगी। आप विकसित भारत बनाना चाहते हैं, हम भी यही चाहते हैं, लेकिन आप इस देश को 80 और 90 के दशक में ले जाना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी होगी। ओवैसी ने वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए कहा, एक गर्वित भारतीय मुसलमान होने के नाते, मैं अपनी मस्जिद का एक इंच भी नहीं खोऊंगा। मैं अपनी दरगाह का एक इंच भी नहीं छोड़ूंगा। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। अब हम सिर्फ कूटनीतिक बातें करने नहीं आएंगे। इस सदन में मैं पूरी ईमानदारी से बोलूंगा कि मेरी कौम, हम गर्व से भारतीय हैं। यह संपत्ति हमारी है, किसी से मिली हुई नहीं है। इसे हमसे कोई छीन नहीं सकता, क्योंकि वक्फ हमारे लिए इबादत की शक्ल में है।

# जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने फिर पीएम एवं एनडीए सरकार की तारीफ की

**जम्मू, एजेंसी।** विपक्षी इंडिया अलायंस के सहयोगी दल नेशनल कॉन्फ्रेन्स के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की एनडीए सरकार की तारीफ की है। उन्होंने इस बार बजट की तारीफ की है और कहा है कि आयकर में बड़ी छूट अच्छी बात है। इससे मिडिल क्लास को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य चीजों की घोषणा की गई है, जिनसे मध्यम वर्ग को लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन सब कुछ क्रियान्वयन पर निर्भर करता है। अब्दुल्ला ने कहा, घोषणा कर इरादा दिखाना अलग बात है, लेकिन हमें उसके क्रियान्वयन का इंतजार है। क्रियान्वयन में अगर मध्म वर्ग को लाभ होता है और लोगों के पास अधिक पैसे बचते हैं तो इससे देश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा क्योंकि आमजन की क्रय शक्ति बढ़ सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया अलायंस के बिखरने पर दुख जताया है और कहा है कि अब इंडिया गठबंधन के नेताओं को जल्द से जल्द बैठकर आगे की रणनीति तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर हम इस तरह बंट गए तो यह देश के लिए अच्छा नहीं होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा, हम भाजपा को हराने के लिए साथ आए थे लेकिन हम सफल नहीं हुए। हालांकि, संसद में विपक्षी सदस्यों की संख्या बढ़ गई है। यह अच्छी बात है। अब दिल्ली



विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद इंडिया गठबंधन के घटक दलों को एक बैठक बुलाकर आगे की रणनीति पर चर्चा करनी चाहिए। बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस से अलग स्टैंड लेते हुए मोदी सरकार की तारीफ की है। पिछले महीने गांदरबल जिले में 6.5 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के मौके पर भी अब्दुल्ला ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की थी। अब्दुल्ला ने दिल और दिल्ली के बीच की खाई को पाटने और केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने के प्रयासों की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा जल्द ही पूरा करेंगे।

पीएम मोदी ने भी अपने लगभग आधे घंटे के भाषण के दौरान बार-बार उमर अब्दुल्ला का जिक्र किया और कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन की पूर्व संध्या पर जेड-मोड़ सुरंग का वीडियो और तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करने के बाद वह अधीर हो गए थे। अपने भाषण में मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में कश्मीर के पहले अंतरराष्ट्रीय मैराथन में अब्दुल्ला की भागीदारी का भी जिक्र किया और कहा कि उनका वीडियो वायरल हो गया है। उन्होंने कहा, जब वह दिल्ली में मुझसे मिले तो मैंने उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। वह पूरे उत्साह से भरे हुए थे।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा था कि जम्मू-कश्मीर देश का ताज है और वह चाहते हैं कि यह सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति का माहौल है और हमने इसका पर्यटन पर असर देखा है। कश्मीर आज विकास की नयी गाथा लिख रहा है।

# पीएम मोदी के दो मंत्रियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई, सीटों के बंटवारे में फंसेगा पेंच

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने संयुक्त अभियान की शुरुआत कर दिया है. एनडीए के पांचों दल एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन इन सब के बीच एनडीए के दो घटक दलों के बीच वर्चस्व की लड़ाई सामने आ रही है. खासतौर पर दलित सियासत में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान की ताकत का मुकाबला देखने को मिल रहा है.





**जीतन राम मांझी की डिनर डिप्लोमेसी :** पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने हाल ही में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया. मांझी ने डिनर डिप्लोमेसी का सहारा लिया और राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अपने आवास पर बुलाया. इस अवसर पर एनडीए के तमाम बड़े नेता पहुंचे, लेकिन चिराग पासवान इस डिनर से दूर रहे. एक बार फिर यह दिखा कि चिराग पासवान और जीतन राम मांझी एक साथ एक मंच पर नहीं आए हैं.

**सोशल मीडिया पर वार और राजनीति में बढ़ती खींचतान :** सोशल मीडिया पर भी चिराग और मांझी के बीच बयानबाजी देखी गई. सत्य नामक एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर जीतन राम मांझी और नीतीश कुमार की तारीफ की, जिसके बाद चिराग पासवान पर सवाल उठाए गए. इस पर जीतन राम मांझी ने ट्वीट किया कि कुछ नहीं करने से बेहतर है मर जाना. हालांकि, बाद में उन्होंने इसे हटा लिया. इस विवाद ने राजनीति में नए मोड़ ला दिए, और दोनों नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई और तीव्र हो गई है.

**जीतन राम मांझी की 40 सीटों पर नजर :** जीतन राम मांझी और चिराग पासवान के बीच लंबे समय से राजनीतिक टकराव जारी है, जो विधानसभा चुनाव के दौरान और अधिक तेज हो सकता है. जीतन राम मांझी ने एनडीए से विधानसभा की 40 सीटों पर दावा किया है. उनका कहना है कि वह अपनी ताकत दिखाकर चुनावी मैदान में उतरेंगे और अपनी स्थिति मजबूत करेंगे.

**नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी की गर्मजोशी :** हालांकि, नीतीश कुमार के साथ जीतन राम मांझी का संबंध काफी मजबूत रहा है. दोनों नेता जब डिनर डिप्लोमेसी के दौरान मिले तो गर्मजोशी से मिले. संकेत साफ थे कि नीतीश कुमार चिराग पासवान के मुकाबले जीतन राम मांझी को अधिक तवज्जो दे सकते हैं।

## 17 रहस्यमयी मौतों के बाद राजौरी के बधाल गांव में स्थिति सामान्य हुई

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूरवर्ती गांव बधाल में तीन संबंधित परिवारों के 13 बच्चों समेत 17 लोगों की रहस्यमयी मौत के बाद कई सप्ताह तक भय और अनिश्चितता का माहौल रहा, जिसके बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है. 7 दिसंबर 2024 से 19 जनवरी 2025 के बीच हुई इन मौतों ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है. यहां तक कि बुधाल गांव के 300 से अधिक निवासी अभी भी बुधाल गांव से 55 किलोमीटर दूर राजौरी अस्पताल में क्वारंटीन निगरानी में हैं, जहां भोजन तैयार करने के दौरान सीसीटीवी निगरानी समेत सख्त निगरानी और सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं.

**तीन हफ्ते से कोई मामला सामने नहीं आया :** सहायक जिला विकास आयुक्त कोटरंका ने कहा कि पिछले 3 सप्ताह में रहस्यमयी बीमारी का कोई नया मामला सामने नहीं आया है और सभी बीमार मरीज पूरी तरह ठीक हो गए हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन हमने राजौरी में ग्रामीणों को क्वारंटीन कर दिया है. उन्होंने ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और जीएमसी राजौरी को सभी जांच नमूनों के परिणाम मिल गए हैं, स्वास्थ्य विभाग जल्द ही अंतिम निष्कर्षों का खुलासा करेगा. उन्होंने आगे बताया कि रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली की एक टीम ने गांव



का दौरा किया था. उन्होंने लोगों की जीवनशैली देखी, ये लोग कैसे रह रहे हैं और क्या खाते हैं. एडीसी ने बताया कि एम्स की टीम ने भोजन और अन्य खाद्य पदार्थों का नमूना भी लिया है. बुधाल गांव के सरपंच मोहम्मद फारूक ने ईटीवी भारत को बताया कि गांव में अब स्थिति सामान्य है. उन्होंने कहा कि गांव में जो असहज शांति थी, वह अब खत्म हो गई है.

**मौतों की गहन जांच की गई :** 17 मौतों की अस्पष्ट प्रकृति ने गांव में व्यापक दहशत पैदा कर दी थी, जिसके कारण अधिकारियों को क्षेत्र को नियंत्रण क्षेत्र घोषित करना पड़ा और मौतों की गहन जांच शुरू करनी पड़ी. इसके बाद पुलिस की विशेष जांच टीम ने जांच शुरू की. मौतों के इर्द-गिर्द रहस्य ने गांव पर गहरा असर डाला है।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम जारीः गडकरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि अब भारत का राजमार्ग बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर है। उन्होंने पीटीआई-के साथ साक्षात्कार में कहा, ''हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। इससे यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान होगा।'' गडकरी अधिक टोल शुल्क और खराब सड़क की शिकायतों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वालों के बीच बढ़ते असंतोष पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सोशल मीडिया पर यात्रियों की शिकायतों को बहुत गंभीरता से ले रहा है और इसमें शामिल ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इस समय राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल यातायात में निजी कारों की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत हैं, जबकि इन



वाहनों का टोल राजस्व संग्रह में हिस्सा मुश्किल से 20-26 प्रतिशत है। पिछले 10 साल में अधिक से अधिक खंडों पर टोल संग्रह शुरू होने से टोल शुल्क बढ़ा है, जिससे अक्सर यात्रियों में असंतोष बढ़ता है। भारत में कुल टोल संग्रह 2023-24 में 64,809.86 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2019-20 में संग्रह 27,503 करोड़ रुपये था।

गडकरी ने भरोसा जताया कि राजमार्ग मंत्रालय 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर राजमार्ग निर्माण के पिछले रिकॉर्ड को चालू वित्त वर्ष में पार कर जाएगा। चालू वित्त वर्ष में अबतक करीब 7,000 किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण हो चुका है। भारतमाला परियोजना की जगह लेने के लिए नयी योजना के अभाव में राजमार्ग परियोजनाएं आवंटित करने की गति काफी धीमी हो गई है। गडकरी के अनुसार, पहले भारतमाला परियोजना के तहत मंत्रालय के पास 3,000 करोड़ रुपये तक की राजमार्ग परियोजनाएं आवंटित करने का अधिकार था, लेकिन अब मंत्रालय भारतमाला परियोजना के तहत किसी भी नई परियोजना को मंजूरी नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा, ''1,000 करोड़ रुपये से अधिक की किसी भी परियोजना के लिए अब हमें मंत्रिमंडल की मंजूरी लेनी होगी। हमने 50-60 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा है।'' उन्होंने कहा कि मंजूरी मिलने के बाद इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम पर अपनों को ही नहीं भरोसा, इन 6 खिलाड़ियों का राज किया बेपर्दा

**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान तो कर दिया है. मगर क्या ये टीम अपनी मेजबानी में आईसीसी का टूर्नामेंट जीतने में सक्षम है? ये सवाल इसलिए क्योंकि पीसीबी ने जो टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी है, उस पर उसके अपनों के लिए ही भरोसा करना मुमकिन नहीं हो रहा.

उनके भरोसा ना करने की वजह है टीम सेलेक्शन. पाकिस्तान के जिस दिग्गज ने चैंपियंस ट्रॉफी की टीम पर सवाल उठाए हैं, वो अब्दुर रऊफ खान हैं. एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर टीम से जुड़े शो में उन्होंने उसकी आलोचना की है.

### बाबर आजम भरोसे पाक टीम?

टीवी चैनल पर प्रसारित हुए कार्यक्रम में कहा गया कि पाकिस्तानी टीम बाबर आजम के भरोसे है. चैंपियंस ट्रॉफी में बाबर आजम का बल्ला चला तो ही कुछ हो सकता है. शो में बाबर आजम के अलावा थोड़ा बहुत विश्वास साउद शकील पर भी दिग्गजों ने जताया. लेकिन. इन दो के अलावा बाकियों पर यकीन की कोई लकीर खींचती नहीं दिखी.



### 6 खिलाड़ियों का राज हुआ बेपर्दा!

पाकिस्तानी दिग्गज के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी टीम पर यकीन कर पाना इसलिए भी मुश्किल हो रहा था क्योंकि उसमें शामिल 6 खिलाड़ियों से जुड़ा राज हिला देने वाला था. ये वो 6 खिलाड़ी है, जिनमें से कोई वनडे खेला ही नहीं है और किसी को खेले लगभग 2 साल बीत गए. आइए एक नजर डालते हैं टीम में शामिल ऐसे 6 खिलाड़ियों पर.

**फखर जमां-** इन्होंने आखिरी वनडे पाकिस्तान के लिए 2023 के वर्ल्ड कप में खेला था.

**उस्मान खान-** पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में ये अपना डेब्यू करते दिख सकते हैं.

**फहीम अशरफ-** आखिरी बार 2023 के एशिया कप में पाकिस्तान के लिए वनडे खेलते नजर आए थे.

**खुशदिल शाह-** इन्होंने ने भी अक्टूबर 2023 के बाद से कोई वनडे मुकाबला नहीं खेला है.

अबरार अहमद और तैयब ताहिर- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम में चुने गए ये दो वो खिलाड़ी हैं, जिनके पास अभी 5 से कम वनडे का ही अनुभव है.

अबरार ने 4 वनडे जबकि तैयब ने 3 वनडे खेले हैं. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है, जिसमें पाकिस्तान अपने अभियान का आगाज पहले ही दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा.

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हुए बदलाव

# टीम इंडिया में भारी फेरबदल 10 खिलाड़ी किए गए बाहर...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया में भारी फेरबदल हुआ है. 10 खिलाड़ी टीम से बाहर हो गए हैं. वहीं उनकी जगह पर 9 दूसरे खिलाड़ियों को मौका मिला है. ये बदलाव चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम में नहीं बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम में हुआ है. दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ 5 ञ्20 की सीरीज के लिए जिन 15 खिलाड़ियों को चुना गया था, उनमें से 10 वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे. उन्हें बाहर कर 9 दूसरे खिलाड़ियों को वनडे की भारतीय टीम में जगह दी गई है.

### इन 10 खिलाड़ियों को किया बाहर!

अब टीम इंडिया से बाहर और अंदर होने वाले खिलाड़ी हैं कौन-कौन, आइए एक नजर जरा उन पर डालते हैं. टी-20 सीरीज खेलने वाले जिन 10 खिलाड़ियों को वनडे सीरीज की टीम इंडिया से बाहर किया गया है, उनमें- संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और ध्रुव जुरैल-के नाम शामिल हैं. सूर्या, सैमसन, अभिषेक, बिश्नोई, वरुण और तिलक टी-20 सीरीज के सभी 5 मैचों में खेलते दिखे थे. वहीं रिंकू सिंह पहले 3 मैचों का हिस्सा रहे थे. जुरैल और दुबे ने 2-2 मैच खेले जबकि रमनदीप सिंह को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला.

### ये 9 खिलाड़ी टीम के अंदर!

अब जिन खिलाड़ियों की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में एंट्री हुई है, उनमें- रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत. केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव- के नाम शामिल हैं. इनमें से कुलदीप यादव अक्टूबर 2024 और श्रेयस अय्यर अगस्त 2024 के बाद इंटरनेशनल मैच खेलते दिखेंगे.

### वनडे सीरीज के लिए टीम में बदलाव

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम में हुए बदलाव की वजह तो आप समझ ही गए होंगे. ये वजह है इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज, जिसका आगाज 6 फरवरी से होगा. पहला वनडे नागपुर में खेला जाएगा. वहीं दूसरे वनडे के लिए भारत और इंग्लैंड की टीम कटक के लिए कूच करेगी, जहां 9 फरवरी को मैच होगा. वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा.

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्यों उठाया सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन पर सवाल

# एम्बाप्पे को नहीं पता स्ट्राइकर की जगह कैसे खेला जाता है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर कीलियन एम्बाप्पे बीते साल रियल मैड्रिड का हिस्सा बने थे। एम्बाप्पे इससे पहले पीएसजी में शामिल थे। एम्बाप्पे के लिए सफर आसान नहीं रहा है और अब दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनके समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने फैंस से इस युवा का समर्थन करने को लेकिन साथ ही यह भी कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर के तौर पर खेलना नहीं आता है।

रोनाल्डो ने एल चिरिंगिट के इंटरव्यू में कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर की जगह खेलना नहीं आता है। उन्होंने कहा, मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं, और केवल उस कहानी के कारण नहीं जो उनके पास एक युवा व्यक्ति के रूप में थी कि वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बहुत प्यार करते थे और वह उनके आदर्श थे। उन्होंने कहा कि एम्बाप्पे एक नेचुरल स्ट्राइकर नहीं है। उन्हें इस नंबर पर खेलना नहीं आता। रोनाल्डो ने कहा, स्ट्राइकर की स्थिति एम्बाप्पे के लिए थोड़ी मुश्किल बना देती है, क्योंकि मेरी राय में वह नहीं जानता कि स्ट्राइकर के रूप में कैसे खेलना हैज ऐसा नहीं है कि वह नहीं जानता, यह उसकी पॉजिशन नहीं है।

अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा, 'अगर मैं रियल मैड्रिड में होता तो मैं उसे नंबर 9 के रूप में खेलना सिखाता। क्योंकि मैं स्ट्राइकर नहीं था। मुझे स्ट्राइकर के रूप में खेलने की आदत हो गई है। मैंने विंग पर खेला और लोग भूल गए। एम्बाप्पे को एक आम स्ट्राइकर की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उसे वैसा ही देखा जाना चाहिए जैसा एक युवा रोनाल्डो खेला करता था।

### नेशनल गेम्सः

# बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने राष्ट्रीय खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**देहरादून, एजेंसी।** एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल अरब ने देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। अनमोल ने महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को सीधे गेम में हराया। अनमोल ने पिछले साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह दिसंबर में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। उन्होंने पिछले साल बेल्जियम और पोलिश इंटरनेशनल में खिताब जीते थे।

### स्वर्ण पदक जीता



एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन की अन्य स्पर्धाओं में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने मिश्रित युगल फाइनल में दीप रामभिया और अक्षय वारंग को 21-11, 20-22, 21-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष युगल में नितिन एचवी और प्रकाश राज एस ने एकतरफा फाइनल में वैभव और आशिथ सूर्या को 21-16, 21-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## कोंस्टास को टेस्ट टीम में नहीं मिली जगह, पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने कोंस्टास को घर भेजने वाली मांग का समर्थन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने भी सैम कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से वापस घर भेजने की मांग का समर्थन किया है, ताकि यह युवा खिलाड़ी इस साल के अंत में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से पहले कुछ महत्वपूर्ण शेफील्ड शील्ड मैच खेल सके। कोंस्टास ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में शानदार डेब्यू प्रदर्शन करके धूम मचा दी थी। उनकी बल्लेबाजी की धार ने काफी सुर्खियां भी बटोरी थीं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ उनका सामना यादगार रहा। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में खेलने के बाद 19 वर्षीय खिलाड़ी को गाले में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम में जगह नहीं मिली है। कोंस्टास की जगह जोश इंगलिस ने जगह बनाई, जबकि ट्रेविस हेड ने ओपनिंग की। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया ने गाले में मेजबान टीम पर दबदबा बनाया , इसलिए गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। इयान हीली का मानना है कि कोंस्टास को शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलने के लिए स्वदेश लौटना चाहिए, ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्हें रेड-बॉल का अधिक अनुभव मिल सके। हीली ने कहा, आप टेस्ट टीम में सिर्फ मौके नहीं देते, इसलिए जब तक सभी फिट हैं, तब तक वही टीम रहेगी।

### शिवम दुबे को भी लिया साथ

# सूर्यकुमार यादव ने खोई फार्म हासिल करने के लिए उठाया बड़ा कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव ने अपनी खोई फार्म हासिल करने के लिए रणजी ट्रॉफी का रुख कर लिया है। सूर्यकुमार यादव और स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे ने चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा के खिलाफ चल रहे मैच के लिए मुंबई टीम में उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। घरेलू मैदानों पर भारतीय टीम ने इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीती थी।

सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जोकि भारत की आगामी वनडे सीरीज और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हिस्सा नहीं हैं, अब रणजी में फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। फिर वह 23 फरवरी को पाकिस्तान से भिड़ेंगे। इसके बाद 8 देशों के टूर्नामेंट में 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप गेम होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी। दूसरा वनडे और तीसरा वनडे क्रमशः 9 और 12 फरवरी को कटक और अहमदाबाद में निर्धारित है। सूर्यकुमार और शिवम दोनों भारत की वनडे योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। सूर्यकुमार का इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में स्कोर 0, 14, 12, 0 और 2 रहा है।

वहीं, मुंबई क्रिकेट टीम वर्तमान में ग्रुप ए अंक तालिका में 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, केवल जम्मू-कश्मीर से पीछे है, जो पिछले सप्ताह अंतिम ग्रुप मैच में बड़ौदा को हराकर 35 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सूत्र के हवाले से कहा कि सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने हमें सूचित किया है कि वे क्वार्टर फाइनल के लिए उपलब्ध हैं। चयन समिति जल्द ही बैठक करेगी और इसके लिए टीम चुनेगी। सूर्यकुमार यादव ने रणजी के इस सीजन में अपनी टीम से केवल एक ही मैच खेला है।

सूर्यकुमार ने इस दौरान मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला। बता दें कि रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला क्वार्टर फाइनल केरल और जम्मू-कश्मीर के बीच पुणे में खेला जाएगा, जबकि विदर्भ और तमिलनाडु नागपुर में दूसरे क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे। लाहली में मुंबई बनाम हरियाणा के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल होगा जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल राजकोट में सौराष्ट्र और गुजरात के बीच होगा। सभी मैच 8 फरवरी से होंगे।

# करुणारत्ने ने किया रिटायरमेंट का एलान



- **टेस्ट मैचों की सेंचुरी लगाकर दिग्गज लेगा संन्यास**
- **14 साल लंबे ऐतिहासिक करियर को कहा अलविदा**

**नई दिल्ली, एजेंसी7** पिछले करीब डेढ़ दशक से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम को अपनी सेवाएं दे रहे दिमुथ करुणारत्ने ने रिटायरमेंट का एलान कर दिया है. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गॉल स्टेडियम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के बाद रिटायर हो जाएंगे. करुणारत्ने ने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह आगामी मैच उनके टेस्ट करियर का 100वां टेस्ट मैच भी होगा. उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 8 हजार से अधिक रन बनाए. श्रीलंका के एक विख्यात अखबार में छपी एक रिपोर्ट अनुसार दिमुथ करुणारत्ने का कहना है कि वो अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेलने के बाद क्रिकेट के सभी पारूपों से रिटायर हो जाएंगे. उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वो रिटायरमेंट के बाद श्रीलंका छोड़ अगले महीने परिवार सहित ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट होने वाले हैं. करुणारत्ने अपना क्रिकेट करियर का आखिरी मैच मेजर क्लब थ्री-डे टूर्नामेंट में खेलने वाले हैं. वो इस टूर्नामेंट में 14-16 फरवरी के बीच होने वाले सिंहलीज बनाम नांदेस्क्रिप्ट्स मैच में खेलेंगे.

### रिटायरमेंट पर यह बोले दिमुथ करुणारत्ने

डेली एफटी अनुसार दिमुथ करुणारत्ने ने अपनी रिटायरमेंट पर कहा, ÷एक खिलाड़ी यदि साल में केवल चार टेस्ट मैच खेले, ऐसे में उसके लिए फॉर्म को बनाए रखना और प्रेरित रहना मुश्किल होता है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद पिछले 2-3 साल में हमें बहुत कम द्विपक्षीय सीरीज खेलने को मिली हैं. रिटायरमेंट लेने के पीछे मेरी मौजूदा फॉर्म, 100वां टेस्ट और 2023-25 डब्ल्यूटीसी सत्र का समाप्त होना भी है. मुझे लगता है कि ये रिटायरमेंट के लिए सही समय है.

### दिमुथ करुणारत्ने का करियर

दिमुथ करुणारत्ने ने साल 2011 में एक वनडे मैच खेलते हुए श्रीलंका के लिए इंटरनेशनल डेब्यू किया था. अपने करियर में उन्होंने अब तक 99 टेस्ट मैच खेलकर 7,172 रन बनाए हैं. उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 16 शतक और 39 हाफ-सेंचुरी भी लगाई हैं. वनडे करियर में उन्होंने 50 मैच खेलते हुए कुल 1,316 रन बनाए हैं. वनडे मैचों में उनके नाम एक शतक और 11 फिफ्टी हैं. 14 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर में उन्होंने 8 हजार से अधिक रन और 17 शतक जड़े.



# आईपीएल में नहीं मिला खरीदार पर अब की रनों की बरसात

**नई दिल्ली, एजेंसी7** आईपीएल 2025 में कई ऐसे बड़े नाम थे जिन्हें खरीदार नहीं मिला। किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबद्दीन नायब भी लीग के अनसोल्ड खिलाड़ियों में शामिल रहे। हालांकि अब इंटरनेशनल लीग टी20 में इस खिलाड़ी का धमाल देखने को मिल रहा है। वह एक के बाद एक तूफानी पारियां खेल रहे हैं। तीन फरवरी 2025, सोमवार को उन्होंने डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ भी ऐसी ही पारी खेली।

**शारजाह में लॉकी फर्ग्यूसन की टीम नहीं कर पाई कमाल**

शारजाह में खेले गए मुकाबले में लॉकी फर्ग्यूसन की कप्तानी वाली डेजर्ट वाइपर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 137 रन बनाए। टीम की ओर से कोई भी अर्धशतक नहीं लगा पाया। सबसे ज्यादा रन डैन लॉरेंस के बल्ले से निकले जिन्होंने 31 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में तीन छक्के और दो चौके शामिल शामिल थे। वहीं सैम करन ने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। उनकी पारी में दो छक्के और एक चौका शामिल था। एलेक्स हेल्स ने 18 और वानिंदु हसरंगा ने 11 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कैस अहमद ने चार, ओबेड मैकॉय ने 3 विकेट लिए।

**गुलबद्दीन नायब का कमाल**

दुबई कैपिटल्स के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा साबित नहीं हुआ। उन्होंने 17.1 ओवर में 138 रन बनाए। पहले विकेट के लिए एडम रॉसिंगटन और शे होप के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। एडम के आउट होने के बाद गुलबद्दीन नायब क्रीज पर आए। उन्होंने और होप ने टीम की जीत तय की। नायब ने 31 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने चार छक्के और तीन चौके लगाए।

**दिल्ली कैपिटल्स को अंकतालिका में फायदा**

इस जीत के साथ दुबई कैपिटल्स की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने 10 मैचों में छह जीत हासिल की है। उसके 12 अंक हैं। वहीं मुकाबला गंवाने के बावजूद डेजर्ट वाइपर्स अब भी 14 अंको के साथ अंकतालिका के टॉप पर है। गुलबदीन ने इस लीग में अब तक 10 मैच खेले हैं। इन 10 मुकाबलों में उन्होंने 44.86 के औसत से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 158.59 का रहा। आईपीएल मेगा ऑक्शन में किसी भी फ्रैंचाइजी ने इस खिलाड़ी में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी।

# मानवीय दृष्टिकोण, भावनात्मक सहयोग उपचार को करता है आसान : उप मुख्यमंत्री

## एम्स भोपाल में 2 दिवसीय पेलियेटिव केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर की सही समय में जाँच पर पूर्ण निदान सहजता से संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में आज आर्थिक संसाधनों की कमी नहीं है। चिकित्सकीय संस्थानों का उन्नयन किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के साथ अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा की चिकित्सा क्षेत्र में संसाधनों के साथ चिकित्सकीय मैनपॉवर का मानवीय रवैया, भावनात्मक सहयोग उपचार को आसान करता है। मरीजों और परिजनों में संतोष का भाव जागृत करता है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों कार्मिकों में मानवीय संवेदनाओं की समझ और उसका प्रगटीकरण अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्व कैंसर दिवस पर एम्स भोपाल में आयोजित 2 दिवसीय पेलियेटिव केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कैंसर का निदान सहज और सुलभ बनाने के लिये केंद्रीय बजट में हर ज़िले में कैंसर केयर सेंटर बनाने का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। साथ ही कैंसर दवाओं को किफायती दरों में उपलब्ध कराने के प्रावधान किये गये हैं। आयुष्मान भारत योजना से हर नागरिक आज उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं सहजता से प्राप्त कर पा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन में स्वस्थ भारत महत्वपूर्ण आयाम है। इसके लिये केन्द्र और राज्य सरकार पूर्ण समर्पण से प्रयास कर रही हैं। इसे साकार करने हेल्थ मैनपावर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल उपचार करने तक सीमित नहीं है। उपचार के साथ और उपचार के बाद मरीज़ को जो मानसिक और भावनात्मक सहयोग चिकित्सक या अस्पताल स्टाफ से मिल सकता है, वो उसकी रिकवरी को और तेज़ करने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों और नर्सिंग ऑफिसर से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेजों में संभागीय मुख्यालयों में लाइनैक मशीन, पेट स्कैन, थेरेपी एयर कैथ लैब जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि हृदय रोग, कैंसर जैसे असंचारी रोगों का समुचित निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन रोगों के बेहतर प्रबंधन के लिए टेस्ट और ट्रीट अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों से आह्वान किया कि पूरे समर्पण से मिशन मोड में सेवा भाव से कार्य करें। संसाधनों के साथ समर्पित प्रयास से मध्यप्रदेश शीघ्र ही स्वास्थ्य मानकों में अग्रणी राज्य बनेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विगत दिवस जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंग रिट्रीवल एवं प्रत्यारोपण कर बहुमूल्य जीवन के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे समर्पित प्रयासों से चिकित्सकीय कार्मिको का मान बढ़ता है और समाज में अपने प्रतिष्ठित स्थान के साथ वे न्याय करते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले मास्टर ट्रेनर और रिसोर्स पर्सन को सम्मानित किया। अध्यक्ष एम्स प्रो. डॉ. सुनील मलिक ने पैलिएटिव केयर के विभिन्न आयामों और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने असंचारी रोगों के बढ़ते दबाव और प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और एम्स के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है।

## प्री मेट्रिक छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्री मेट्रिक छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत भुगतान कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की प्री मेट्रिक छात्रवृत्ति के वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के सभी प्रकरण निराकृत करें। संकुल प्राचार्यों के माध्यम से छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का सत्यापन कराकर आधार संख्या से जुड़े हुए बैंक खाते के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खाते में छात्रवृत्ति का भुगतान कराएं। लंबित प्रकरणों की संकुलवार सूची प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति वितरण में लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों तथा नोडल अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

**रीवा।** जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक 5 फरवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है।

# जिले में 12 केन्द्रों में 16 फरवरी को होगी प्रारंभिक परीक्षा

## राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को

**रीवा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कालेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है।

संयुक्त कलेक्टर ने कहा है कि सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों की निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्र में इनके बैठने की समुचित व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में पेयजल, साफ-सफाई तथा बिजली की नियमित आपूर्ति की भी व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें।

# पुलिस अधीक्षक रीवा से जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**रीवा।** महीप सिंह तनय शम्भ सिंह उम्र 50 वर्ष ग्राम अजगरहा थाना वि.वि.जिला रीवा म.प्र.का निवासी है एवं उसने 31 जनवरी को पुलिस अधीक्षक रीवा के समक्ष इस आशय का शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया कि वह अपने स्वत्व व अधिपत्य की आराजी स्थित ग्राम अजगरहा में माकान का निर्माण करा रहा है तथा वाउन्ड्री का निर्माण करा चुका है। 30 जनवरी की रात्रि करीब 10 बजे आरोपीगण प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, अभिषेक सिंह, प्रेमलता सिंह आये और महीप सिंह को मां वहन की भद्दी भद्दी गाली देने लगे मना करने पर आरोपीगण लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिये जिससे वह भागा और सभी आरोपीगणों ने एक राय होकर बाउन्ड्री गिरा दी। गाली देते समय आरोपीगण कह रहे थे कि तुम्हे नहीं पता है कि संदीप की पत्नी उषा सिंह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ है ज्यादा से ज्यादा तुम शिकायत करोगे तो क्या होगा? पूर्व में भी तुमने थाना वि.वि.में हमारे विरुद्ध शिकायत की थी तो क्या करा लिये। महीप सिंह ने उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध 19 जनवरी को भी गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की थी किन्तु थाना वि.वि. द्वारा आरोपीगणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। उषा सिंह की पदस्थापना की वजह से आरोपीगण के हौसले बुलंद है जिस बजह से वह आये दिन महीप सिंह के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते है तथा किसी भी दिन बड़ी बारदात को भी अजाम दे सकते हैं। आरोपीगणो से जानमाल की रक्षा करने के लिए महीप सिंह ने पुलिस अधीक्षक रीवा के समक्ष शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत कर गुहार लगाई है।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 59 आवेदनों में की सुनवाई

रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आमजनता के 59 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का 7 दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदनों के निराकरण की वरिष्ठ कार्यालय द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। जनसुनवाई में पेंशन प्रकरण,



सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, नक्शा तरमीम, उपचार सहायता, मजदूरी भुगतान, नाली निर्माण, खाद्यान्न पर्ची सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में रामप्रसाद वर्मा निवासी ग्राम पलिया 350 ने जमीन के रिकार्ड में आदेश की इत्तलाबी के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। वंशपति गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 38 रीवा ने मकान से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। इन्द्रभान द्विवेदी निवासी ग्राम बधरा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम सिरमौर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मनोज ताम्रकार निवासी वार्ड क्रमांक 16 रीवा तथा सत्यव्रत पाण्डेय निवासी पुष्पराज नगर ने शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाकर नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन पत्र कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। मालती देवी निवासी ग्राम गढ़ी ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। नरेन्द्र तिवारी निवासी पोणी ने धान उपार्जन की राशि के भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को किसान को राशि भुगतान के निर्देश दिए।

# कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन कराने के लिए अधिकारी तैनात

रीवा

जिले में शिक्षण संस्थाओं का वर्तमान सत्र समापन की ओर है। शिक्षण संस्थाओं में वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियाँ की जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाएं भी इसी माह आरंभ हो रही हैं। वैवाहिक समारोहों एवं अन्य कार्यक्रमों के कारण ध्वनि विस्तार यंत्रों का लगातार उपयोग हो रहा है। इसे कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक अनुभाग में राजस्व और पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि तहसील हुजूर में एसडीएम हुजूर, तहसीलदार हुजूर तथा नगर पुलिस अधीक्षक को तैनात किया गया है। तहसील गुढ़ में एसडीएम तथा तहसीलदार के साथ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को तैनात किया गया है। मनगवां तथा रायपुर तहसीलों के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं एसडीओपी मनगवां को तैनात किया गया है। सिरमौर एवं सेमरिया तहसीलों के लिए एसडीएम सिरमौर, तहसीलदार सिरमौर तथा एसडीओपी सिरमौर को तैनात किया गया है। जवा तहसील के लिए एसडीएम जवा एवं तहसीलदार तथा एसडीओपी डभौरा को तैनात किया गया है। तहसील त्योंथर में एसडीएम त्योंथर, तहसीलदार त्योंथर एवं एसडीओपी डभौरा को कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत निर्धारित अवधि में ही ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने माँ नर्मदा जयंती पर किया पूजन

## प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने माँ नर्मदा जयंती के शुभ अवसर पर तुलसी नगर स्थित माँ नर्मदा मंदिर में विधि-विधान से माँ नर्मदा का पूजन-अर्चन किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने माँ नर्मदा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्री नर्मदा सेवा समाज द्वारा मंदिर परिसर में तैयार किए गए मध्यप्रदेश के ब्राह्मण समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथा के भित्ति चित्र



का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अनावरण किया। उन्होंने भित्ति चित्र की सराहना करते हुए कहा कि यह चित्र हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने समाज के उन सेनानियों के योगदान को नमन किया जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के सदस्यों का सम्मान किया। पूर्व मंत्री श्री पीसी शर्मा मंदिर समिति के पदाधिकारी, श्री नर्मदा सेवा समाज के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सतना जिले में मझगवां को तोड़कर चित्रकूट को बनाया जाएगा नया सब डिवीजन

**सतना।** सतना जिले में चित्रकूट नया सब डिवीजन यानि अनुभाग बनेगा। इसके लिए वर्तमान अनुभाग मझगवां को तोड़ा जाएगा। राजस्व विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। आगामी 20 फरवरी के बाद चित्रकूट अनुभाग विधिवत रूप से गठित हो जाएगा। चित्रकूट अनुभाग में वर्तमान तहसील मझगवां के राजस्व निरीक्षक मंडल एक चित्रकूट के नौ पटवारी हल्के तथा राजस्व निरीक्षक मंडल बरौंधा के 25 पटवारी हल्के, इस प्रकार कुल 34 पटवारी हल्के शामिल होंगे।

शेष मझगवां अनुभाग में तहसील मझगवां के 21 पटवारी हल्के तथा तहसील बिरसिंहपुर के 48 पटवारी हल्के, इस प्रकार कुल 69 पटवारी हल्के रहेंगे।

किसानों की जमीन के साथ छेड़छाड़ करने वाले बाबू को बचाने के लिए सिरमौर एसडीएम द्वारा रातों रात स्टे आर्डर जारी कर दिया गया। बड़ी बात तो यह है कि बाबू की पत्नी के नाम पर ही आवेदन दायर कराया गया और तत्काल आर्डर भी जारी हो गया। जबकि किसानों के खसरा के साथ छेड़खानी भी बाबू ने अपने ही भाई से प्रस्ताव बनवाकर कराई है। दरअसल सिरमौर एसडीएम कार्यालय में शिक्षक सरदार पाण्डेय बीते दस वर्षों से गैर शिक्षकीय कार्य में संलिप्त है। यह बच्चों को पढ़ाने न जाकर यहां पर किसानों की जमीन के साथ छेड़खानी करने व हड़पने का काम कर रहा है।

# निगम आयुक्त ने अमृत 2.0 योजना के कार्यो की समीक्षा बैठक ली

**रीवा।** नगर निगम सभागार में निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे ने अमृत 2.0 योजना के कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज, वाटर सप्लाई, वाटरबाडी के चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने अब तक की प्रगति, आ रही चुनौतियों और आगे की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

निगम आयुक्त ने कहा सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से माइलस्टोन बनाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करें। साथ ही निगम आयुक्त ने निर्देश दिया कि हॉल ही में निर्मित दोनों सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सक्रिय कर जल्द प्रारंभ किए जाए। शहर में चल रहे रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य टीम बढ़ाकर तेजी से किया जाय जिससे नगरवासियों को समस्या का सामना न करना पड़े।

# कृषि क्षेत्र में व्यवसाय की जानकारी से कराया अवगत



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के छात्र छात्राओं को कृषि व्यवसाय के संबंध में जानकारी दी गई। कृषि महाविद्यालय के उद्यान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने छात्र-छात्राओं संरक्षित बागवानी के महत्व एवं तकनीकी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में बारे में रूचिकर जानकारी दी और कहा कि कृषि में व्यवसाय और आजीविका वृहद संभावनाएं हैं। इसके बाद प्रोफेसर डॉ सिंह द्वारा प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई फसलों का अवलोकन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ अतुल कुमार तिवारी, डॉ श्रुति सिंह, प्रदीप कुमार राव, विवेक कुमार शर्मा, अतेंद्र कुमार गौतम एवं रजनीश शुक्ल सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रीमियम की राशि 15 दिन में जमा न होने पर पट्टे निरस्त करने की कार्यवाही करें

## प्रकरणों के निराकरण में दो साल से अधिक के प्रकरणों को प्राथमिकता दें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धारणाधिकार योजना से जारी पट्टों में 15 दिन की समय सीमा में प्रीमियम की राशि जमा कराएं। समय सीमा में राशि जमा न करने पर पट्टे निरस्त करने तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करें। राजस्व न्यायालयों में दो वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके इनका एक माह में निराकरण सुनिश्चित करें। लोक सेवा गारंटी के तहत यदि कोई प्रकरण समय सीमा से बाहर है तो संबंधित राजस्व अधिकारी पर जुर्माने की कार्यवाही करें। बोर्ड परीक्षाएं तथा अन्य परीक्षाएं इसी माह होंगी। इसे ध्यान में रखते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदार कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराएं। इसका उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में जनवरी माह के प्रकरणों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का 15 दिन में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। सभी एसडीएम



सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाभियान में सभी राजस्व अधिकारियों ने लगातार मेहनत करके प्रकरणों का निराकरण किया। सभी पीठासीन अधिकारी प्रकरणों की नियमित सुनवाई करें। राजस्व प्रकरणों में दस्तावेजों की अनावश्यक मांग न करें। प्रकरणों के निराकरण की समय सीमा को ध्यान में रखकर पेशी की तारीखें दें। अपर कलेक्टर राजस्व न्यायलयों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करके प्रतिवेदन दें। सभी एसडीएम भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर इनका निराकरण कराएं। स्वामित्व योजना में जिले में अच्छा कार्य किया गया है। शेष लंबित प्रकरणों का निराकरण करके पात्र व्यक्तियों को भू अधिकार पत्र जारी करें। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार वक्फ संपत्तियों का मौके पर जाकर सत्यापन करके रिपोर्ट तैयार कर लें। इसमें रीवा जिले को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है जिसका तहसीलदारों को प्रशिक्षण 5 फरवरी को दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के संबंध में जानकारी दर्ज कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा समय पर दर्ज कराएं। राजस्व प्रकरणों के संबंध में वरिष्ठ न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्देशों का समय सीमा में पालन कराकर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। अवमानना के सभी प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली करने, फार्मर रजिस्ट्री तथा किसान सम्मान निधि के लिए ई केवाईसी के सभी प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर तीन दिवस में सभी छूटे हुए व्यक्तियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पूरा सहयोग लें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने ऑडिट कंडिकाओं के निराकरण तथा विधानसभा प्रश्नों की जानकारी दी।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833